राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 60 | रविवार 12 अप्रैल 2026 | बैशाख कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

## प्रदेश की अदालतों में बड़े पैमाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट और एडीजे स्थानांतरित, हाईकोर्ट ने जारी की अधिसूचना

**एजेंसी समाचार**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की जिला



अदालतों में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर 400 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना के मुताबिक प्रयागराज, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां और स्थानांतरण किए गए हैं। सभी अधिकारियों को 15 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रयागराज के न्यायिक ढांचे में बड़ा बदलाव हुआ है। यहां कई नए अधिकारी भेजे गए हैं, जबकि कई को अन्य जिलों में स्थानांतरित किया गया है। विभिन्न जिलों से प्रयागराज आने वाले अधिकारियों आलोक यादव, विनय जायसवाल, विकास सिंह, देवासीष, तन्वी सिंह और सत्यजीत सिंह को विभिन्न न्यायिक पदों पर तैनात किया गया है। यहां तैनात रहे न्यायिक अधिकारी अभिनव यादव (मिजार्पुर), श्लोक निरंजन (आगरा), दीप्ति यादव (कौशाम्बी), पुष्पेंद्र सिंह (गाजियाबाद), अविचल थमन (मिजार्पुर) और प्रतीक त्रिपाठी (प्रतापगढ़) को स्थानांतरित किया गया है।

प्रयागराज में अपर जिला जज स्तर पर भी बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। इनमें मेरठ से जयेंद्र कुमार, लखनऊ से नीरज कुमार उपाध्याय, और शाहजहांपुर से अनुराधा पुंडीर को प्रयागराज में अपर जिला जज नियुक्त किया गया है। कुशीनगर से आए शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को प्रयागराज में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में अपर जिला जज बनाया गया है। बरेली के विशेष न्यायाधीश कुमार मयंक को प्रयागराज में एससी/एसटी एक्ट का विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रयागराज में तैनात रहीं अनीता-प्रथम को बदायूं, दिनेश कुमार गौतम को मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी), मनोज मिश्रा-द्वितीय को फतेहपुर और प्रदीप कुमार चतुर्थ को आगरा स्थानांतरित किया गया है। प्रयागराज में तैनात अपर जिला जज सिद्धार्थ कुमार वागव और नीलिमा सिंह को इसी अदालत के परिवार न्यायालय में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है।

प्रयागराज में तैनात रहीं दीप्ति यादव को कौशाम्बी में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सौम्या सिंह को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के रूप में तैनाती मिली है। सत्येंद्र सिंह और आशीष कुमार का अन्य जिलों में तबादला किया गया है। बिजनौर में तैनात रहे प्रकाश चंद्र शुक्ला को कौशाम्बी में अपर जिला जज के पद पर भेजा गया है। शाहजहांपुर से आए नरेंद्र नाथ पांडेय को कौशाम्बी में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का जिम्मा दिया गया है।

## प्रदेश में रोजगार महाकुंभ सोमवार से, सीएम योगी करेंगे शुभारंभ; 200 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** कौशल विकास मिशन की ओर से 13 अप्रैल सोमवार को मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र भी देंगे। मेले में प्रदेश भर के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास और उद्यमिता जयंत चौधरी, प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहेंगे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेले में देश-



प्रदेश की 200 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। वे कुल 25,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

इसमें ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्यूफेक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर और परिधान उद्योग सहित कई क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं। मेले में शामिल होने वाली प्रमुख कंपनियों में जेबीएम मारुति, पेटीएम, टाटा मोटर्स, जेप्टो, एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड आदि हैं। मेले में 8वीं पास से लेकर आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक, बीटेक, एमबीए आदि योग्यता वाले अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे।



### वार अपडेट

**शांति समझौते के लिए ईरान ने रखी शर्त; इस्राइल बोला- सीजफायर पर हिजबुल्ला से वार्ता नहीं**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्लामाबाद में शांति वार्ता को लेकर नई हलचल देखने को मिल रही है। क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के प्रयासों के तहत विभिन्न पक्षों के बीच बातचीत की संभावना जताई जा रही है, जबकि जमीनी हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं।

**ईरान ने अमेरिकी दावे को किया खारिज, कहा- कोई भी अमेरिकी जहाज होर्मुज से नहीं गुजरा**

ईरान ने दावा किया है कि कोई भी अमेरिकी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं गुजरा है। ईरान के सरकारी प्रसारक ने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से यह बात कही है। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिकी मीडिया में रिपोर्ट आई थी कि कई अमेरिकी नौसैनिक जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं। मामला तब और गरमाया जब मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका इस मार्ग को साफ करने पर काम कर रहा है।

**ईरान से मुलाकात के बाद पाकिस्तान का बयान**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसका नेतृत्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची कर रहे थे। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया कि शरीफ ने ईरान की भागीदारी की सराहना की और क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। शरीफ ने आज ईरान और अमेरिकी दोनों प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग बैठक की। इस दौरान उप प्रधानमंत्री इशाक डार, सेना प्रमुख आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मौजूद रहे।

**क्या जब्त संपत्तियों पर बन रही है सहमति?**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्लामाबाद में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता में एक नया दावा सामने आया है। एक ईरानी सूत्र के मुताबिक, अमेरिका दबाव और बातचीत के बाद ईरान की जब्त संपत्तियां जारी करने पर सहमत हुआ है। हालांकि इस पर अब भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और दोनों पक्षों के बीच भरोसे की कमी बनी हुई है।

# 'लेफ्ट की कार्बन कॉपी बन गई है टीएमसी'

## मुर्शिदाबाद में बरसे पीएम मोदी, कहा- घुसपैठियों की सरकार का अंत तय

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी है और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही है। घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। बंगाल अब तुष्टीकरण



और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेगा। हम पश्चिम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध सिल्क उद्योग पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की अनदेखी के कारण यहां के किसानों का भविष्य बर्बाद हो गया है। टीएमसी बंगाल के मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने पर तुली है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी किया गया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र, पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'महाजंगलराज' को खत्म करने का एक रोडमैप है।

## चंद्रमा की गोद से पृथ्वी पर वापसी, आर्टेमिस-2 का ऐतिहासिक सफर पूरा

**एजेंसी समाचार**



ह्यूस्टन। आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्रियों के शुक्रवार को प्रशांत महासागर में उतरने के साथ ही आधी सदी से अधिक समय बाद मनुष्य की पहली चंद्र यात्रा पूरी हो गई। चार अंतरिक्ष यात्रियों वाला दल सफल चंद्र मिशन के बाद पृथ्वी पर लौटा। इस मिशन के दौरान उन्होंने चंद्रमा के उस हिस्से को देखा, जिसे पहले कभी इतने करीब से नहीं देखा गया था और इसने मानव इतिहास में सबसे ज्यादा दूरी तय करने का नया रिकॉर्ड भी बनाया। इस दौरान पूर्ण सूर्य ग्रहण भी दिखाई दिया। आर्टेमिस-2 चंद्रमा पर नहीं उतरा और न ही उसकी परिक्रमा की लेकिन उसने अपोलो 13 के दूरी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और पृथ्वी से मानव द्वारा की गई अब तक की सबसे लंबी यात्रा का उस समय रिकॉर्ड बनाया, जब चालक दल 252,756 मील (406,771 किमी) की दूरी तक पहुंचा। कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन 'मैक 33' यानी ध्वनि की गति से 33 गुना अधिक रफ्तार से वायुमंडल में दाखिल हुए। 'इंटीग्रिटी' नामक उनका ओरियन कैप्सूल स्वचालित प्रणाली के सहारे समुद्र में उतरा। मिशन नियंत्रण कक्ष में उस समय तनाव बढ़ गया जब अत्यधिक ताप के दौरान कैप्सूल लाल गर्म प्लाज्मा से घिर गया और तय योजना के अनुसार कुछ समय के लिए उससे संपर्क टूट गया। सबकी निगाहें कैप्सूल की जीवनरक्षक ऊष्मा-रोधी ढाल पर थीं, जिसे पुनः प्रवेश के दौरान हजारों डिग्री तापमान सहना था। मिशन नियंत्रण कक्ष के दर्शक कक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों के परिजन भी मौजूद थे। संचार अवरोध की अवधि समाप्त होने के बाद जब कैप्सूल फिर दिखाई दिया और करीब 2,000 मील (3,219 किलोमीटर) दूर समुद्र में उतरा तो लोग खुशी से झूठ उठे।

नासा ने कहा कि आर्टेमिस क्कमिशन के तहत चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौट आए हैं। आर्टेमिस क्क के चालक दल में नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन (कमांडर), विक्टर ग्लोवर (पायलट), क्रिस्टीना कोच (मिशन विशेषज्ञ) और सीएसए के अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन (मिशन विशेषज्ञ) शामिल थे और उन्होंने 10 दिनों के मिशन के बाद सैन डिएगो के तट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की। नासा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहाः "रीड, विक्टर, क्रिस्टीना और जेरेमी का घर वापसी पर स्वागत है! आर्टेमिस क्कके अंतरिक्ष यात्री पूर्वी समयानुसार रात 8:07 बजे (भारतीय समयानुसार 11 अप्रैल को सुबह 5:37 बजे) लैंड किए, जिससे चंद्रमा के चारों ओर उनका ऐतिहासिक 10 दिवसीय मिशन समाप्त हो गया।" अंतरिक्ष यान को एक अप्रैल की शाम को स्थानीय समयानुसार फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया था। नासा ने छह अप्रैल को बताया कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 4,06,000 किलोमीटर से अधिक दूर था। रीड वाइजमैन के नेतृत्व में चार सदस्यीय आर्टेमिस क्कदल ने दस दिवसीय चंद्र उड़ान पूरी की, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा पर पहली मानवयुक्त यात्रा और सबसे लंबी मानव अंतरिक्ष उड़ान को दर्शाता है।

## भीषण हादसे में 10 की मौत; बिहार में नेशनल हाइवे पर बस-पिकअप की टक्कर में 25 घायल

**एजेंसी समाचार**

कटिहार। कटिहार से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे कोढ़ा इलाके को हिला कर रख दिया। NH-31 पर बसगड़ा चौक के पास दातपुर मुसहरी चौक के नजदीक बस और पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी चपेट में आई दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

बताया जा रहा है कि हरदा से पूर्णिया जा रही बस का चालक नशे की हालत में था और रास्ते में इतनी जबरदस्त थी कि पास से गुजर रही दो बाइक भी इसकी चपेट में आ गईं। हादसे के बाद



पहले भी एक-दो जगह टक्कर मार चुका था। जैसे ही बस दातपुर मुसहरी चौक के पास पहुंची, सामने से आ रही पिकअप वैन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण और पुलिस तुरंत राहत-बचाव कार्य में जुट गए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

## क्या ट्रंप फिर सुलगा रहे आग?: ईरान को 'असफल देश' बताया धमकाते हुए कहा- हम 'रीसेट' को तैयार, सोच ले तेहरान

**एजेंसी समाचार**

**वाशिंगटन।** दुनिया की नजरें इस वक्त पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर टिकी हैं, जहां दशकों पुरानी दुश्मनी को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता का आगाज हो चुका है। त्रिपक्षीय युद्धविराम वार्ता के इस पहले चरण में पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। हालांकि, बातचीत की मेज सजने के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त तेवरों ने माहौल में गर्मी पैदा कर दी है।

शांति वार्ता के शुरू होते ही ट्रंप ने एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में ईरान पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ईरान एक असफल देश है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार तो है, लेकिन किसी भी समझौते के लिए झुकने वाला नहीं है। ट्रंप ने एक मीडिया चैनल को दिए साक्षात्कार में चेतावनी दी कि यदि बातचीत उनकी शर्तों के मुताबिक आगे नहीं बढ़ती है, तो अमेरिका 'रीसेट' बटन दबाने के लिए तैयार है।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि जल्द ही होर्मुज को व्यापार के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान के पास बातचीत के लिए होर्मुज के अलावा कोई कार्ड नहीं बचा है।

## पुवायां कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पुवाया, शाहजहांपुर।** कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर के पद पर तैनात राजेश कुमार



राजेश कुमार की मृत्यु की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच को पहुंचे पुलिसकर्मी

का संदिग्ध परिस्थितियों में बेसुध पड़े मिलने से विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से उन्नाव जिले के निवासी राजेश कुमार एक वर्ष पूर्व बंडा थाने में एसआई के पद पर तैनात थे। इसी दौरान प्रमोशन के बाद उन्हें इंस्पेक्टर बनाए जाने के साथ ही कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर का चार्ज दे दिया गया। शनिवार को दिन में राजेश कुमार अपने सरकारी आवास में मौजूद थे। इसी दौरान उनके अधीनस्थ कर्मियों ने उनके मोबाइल पर कई बार कॉल की। कॉल रिसीव न होने के बाद कुछ पुलिसकर्मी सरकारी आवास पर देखने पहुंचे।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार सरकारी आवास के बाथरूम में



फाइल फोटो इंस्पेक्टर राजेश कुमार

जमीन पर गिरे हुए थे। साथी पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना अपने विभाग अधिकारियों को देने के साथ उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि राजेश कुमार की मृत्यु हृदय घाट रुकने की वजह से होने की

**- एक साल पूर्व एसआई से इंस्पेक्टर पद पर हुआ था प्रमोशन**

**-सरकारी आवास के बाथरूम में मिला शव, हार्ट अटैक से मौत की आशंका**

संभावना है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरे अरुण भी मौके पर पहुंची। उन्होंने राजेश कुमार के सरकारी आवास की भी जांच की। घटना की सूचना उनके परिवार वालों को भी भेज दी गई।

## केशव मौर्य ने अखिलेश को बताया "नौटंकी करने वाला नेता", कहा- अतीक और मुख्तार को संरक्षण किसने दिया सब जानते हैं

**एजेंसी समाचार**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को "नौटंकी करने



वाला नेता" बताते हुये कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे अपराधियों को संरक्षण किसने दिया था।

उपमुख्यमंत्री शनिवार को आजमगढ़ जिले के बड़सरा खालसा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक के आवास पर उनके दिवंगत पिता राधेश्याम पाठक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की।

केशव मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव कभी भी उत्तर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों और व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं होंगे, क्योंकि वह केवल राजनीतिक नौटंकी करना जानते हैं। माफिया राज के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे अपराधियों को संरक्षण देने वालों को जनता भली-भांति पहचानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री की नीतियों को स्वीकार किया है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, जिससे भाजपा को व्यापक समर्थन मिल रहा है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव 15 दिन पहले भाभी से की थी शादी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली/आंवला।** पनबड़िया इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ईंट भट्टे पर काम करने वाले युवक का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से इलाके में दहशत और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

स्थानीय लोगों ने सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा, जो चुन्नी के सहारे फंदे पर झूल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर जुटी भीड़ में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

मृतक की पहचान बदायूं जिले के बिनावर थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ी निवासी सत्यवीर (22) के रूप में हुई है। वह आंवला के पनबड़िया इलाके में एक ईंट भट्टे पर ईंट पाथने का काम करता था और वहीं रह रहा था। बताया जा रहा है कि सावन माह में बीमारी के चलते उसके बड़े भाई आशाराम की मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार की सहमति से करीब 15 दिन पहले सत्यवीर ने अपनी विधवा भाभी राजकुमारी से विवाह कर लिया था। शादी के बाद वह पत्नी के साथ भट्टे पर ही रह रहा था।

### नौ दिन से था लापता, अब मिला शव

परिजनों के अनुसार, सत्यवीर करीब 9 दिन पहले अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो आंवला थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शनिवार को उसका शव पेड़ से लटका मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आत्महत्या या किसी अन्य कारण से मौत हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नॉलेज एक्सचेंज से गांव-गांव बदलेगी गरीब परिवारों की किस्मत

## फ्यूचर और इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से एमओयू, जिला पंचायत राज अधिकारी बने नोडल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गरीबी के खिलाफ अब प्रशासन ने जमीनी स्तर पर निर्णायक जंग छेड़ दी है। जीरो पॉवर्टी अभियान को असरदार बनाने के लिए जिले में नॉलेज एक्सचेंज का नया मॉडल लागू किया जा रहा है, जिसके तहत गरीब परिवारों को सीधे शिक्षा, कौशल और रोजगार से जोड़ने की रणनीति तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि परिवारों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें स्थायी रूप से मुख्यधारा में लाना है। प्रदेश सरकार का स्पष्ट फोकस अब पारंपरिक योजनाओं से आगे बढ़कर कौशल आधारित विकास पर है। इसी सोच के तहत जीरो पॉवर्टी अभियान को नई दिशा दी गई है, जिसमें गरीब परिवारों को उनके हाल पर छोड़ने के बजाय उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की पहल की जा रही है।

प्रशासन का मानना है कि शिक्षा और हुनर ही गरीबी के चक्र को तोड़ने का सबसे प्रभावी हथियार है। अभियान को मजबूती देने के लिए फ्यूचर और इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी को जोड़ा गया है। दोनों संस्थान अपने संसाधनों, विशेषज्ञता और छात्रों की भागीदारी के जरिए इस मुहिम को गति देंगे। प्रशासन और विश्वविद्यालयों के बीच हुए एमओयू के बाद अब यह साझेदारी केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गांव-गांव जाकर जमीनी स्तर पर असर दिखाएगी। इस पूरे अभियान के संचालन के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो विश्वविद्यालयों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू हों और चयनित परिवारों तक उनका लाभ सही तरीके से पहुंचे।

अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि टीमें सीधे गांवों में जाकर काम करेंगी। विश्वविद्यालयों के छात्र और विशेषज्ञ ग्रामीण युवाओं के साथ बैठकर उनकी समस्याएं समझेंगे और समाधान के रास्ते बताएंगे। नॉलेज एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत युवाओं को पढ़ाई, तकनीकी कौशल, डिजिटल साक्षरता और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट दिशा तय कर सकें। वहीं प्रत्येक युवा की क्षमता और रुचि का आंकलन कर उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जो छात्र पढ़ाई में बेहतर हैं, उन्हें उच्च शिक्षा की ओर मार्गदर्शन मिलेगा, जबकि अन्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों के लिए तैयार किया जाएगा।

### ट्रेनिंग से रोजगार, परिवार की बदलेगी तस्वीर

अभियान का मुख्य लक्ष्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार से जोड़कर वास्तविक बदलाव लाना है। रोजगार योग्य युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें नौकरी या स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि जब एक युवा आत्मनिर्भर बनेगा, तो उसके पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और गरीबी की जड़ कमजोर होगी। इस अभियान में विश्वविद्यालयों के छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे जहां एक ओर उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी का अनुभव मिलेगा, वहीं दूसरी ओर वे समाज के कमजोर वर्गों के साथ मिलकर बदलाव की प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे।

# 386 अवैध कब्जों पर लगे लाल निशान, अब चलेगा बुलडोजर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के नैनीताल रोड पर सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही मॉडल रोड के रास्ते में आ रहे अतिक्रमणों पर नगर निगम ने शिकंजा कस दिया है। चिह्नीकरण अभियान में कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से कुदेशिया फाटक तक सड़क के दोनों ओर 386 छोटे-बड़े कब्जे चिन्हित किए गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

निगम की टीम ने बताया कि कई जगह एक फीट से लेकर 16 फीट तक सड़क व फुटपाथ पर अवैध निर्माण मिला है। इसमें स्कूल-कॉलेज की दीवारें, अपार्टमेंट गेट, बरातघर, अस्पताल, दुकान और मकानों के हिस्से तक शामिल हैं। चिह्नीकरण के बाद अब शनिवार से संबंधित भवनों पर नोटिस चस्पा करने की तैयारी है। कब्जाधारियों को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा कि वे खुद अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा पीलीभीत रोड की तरह सीधे बुलडोजर चलाने की कार्रवाई होगी।

इस मार्ग पर लंबे समय से अतिक्रमण के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। सीएम ग्रिड परियोजना के तहत कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा और कुदेशिया फाटक तक सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है, लेकिन कब्जों के चलते काम में बाधा आ रही थी। गुरुवार से शुरू हुआ यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। तीन घंटे से ज्यादा समय तक चले अभियान के दौरान किसी तरह का विवाद न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### 100 साल पुराने नक्शे से तय हो रही असली सड़क

नगर निगम की टीम ने 1920-1921 के पुराने नक्शे के आधार पर सड़क की मूल चौड़ाई चिन्हित की है। इसी के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि कई कब्जेदार इस पर आपत्ति जता रहे हैं, जिस पर निगम प्रशासन जवाब देने की बात कह रहा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट कहा कि सड़क और फुटपाथ आम जनता के लिए हैं। अतिक्रमण किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीएम ग्रिड योजना शासन की प्राथमिक परियोजना है, इसलिए नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अब भूखा नहीं रहेगा एक भी गौवंश 'भूसा बैंक' से भरेंगी गौशालाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रदेश सरकार ने अब साफ कर दिया है कि गौवंश संरक्षण और चुनावी पारदर्शिता दोनों मोर्चों पर सख्ती से काम होगा। बरेली दौरे पर पहुंचे पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब प्रदेश में कोई भी गौवंश भूखा नहीं रहेगा। सरकार जमीनी स्तर पर ऐसी व्यवस्था तैयार कर रही है, जिससे गौशालाओं में चारे की कमी पूरी तरह खत्म हो सके।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में भूसा बैंक की स्थापना तेजी से की जा रही है। इन बैंकों के जरिए गौशालाओं को नियमित रूप से भूसा उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे निराश्रित गौवंश को भोजन के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि बरेली में इस योजना को लेकर डीएम अविनाश सिंह के साथ विस्तृत समीक्षा की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाए और कहीं भी लापरवाही न हो।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही निराश्रित पशुओं के संरक्षण के लिए करीब 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर चुके हैं। इस बजट से गौशालाओं का विस्तार, चारे की व्यवस्था और देखभाल के संसाधनों को बेहतर किया जा रहा है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रदेश में कोई भी गौवंश भूखा न रहे और सड़कों पर बेसहारा घूमते पशुओं की समस्या खत्म हो।

गौवंश के मुद्दे के साथ ही मंत्री ने चुनावी व्यवस्था पर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जा रहा है। इससे फर्जी वोटरों की पहचान कर उन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को इसलिए परेशानी हो रही है क्योंकि अब फर्जी वोटिंग की गुंजाइश खत्म हो रही है।

बरेली दौरे में मंत्री धर्मपाल सिंह का संदेश साफ नजर आया कि सरकार अब सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन पर असर दिखाने के लिए काम कर रही है। चाहे गौवंश संरक्षण हो या चुनावी पारदर्शिता, दोनों ही क्षेत्रों में सख्त और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इन योजनाओं का प्रभाव प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

# पत्नी को बांधकर गुप्तांग में डंडा डाला, विरोध पर पसली तोड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले के बिथरी चैनपुर और बारादरी थाना क्षेत्रों से महिलाओं के साथ क्रूरता और उत्पीड़न के दो सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। एक मामले में पति ने दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए पत्नी को बांधकर उसके साथ अमानवीय अत्याचार किया, वहीं दूसरे मामले में पति ने पत्नी को देह व्यापार के लिए मजबूर करने का आरोप है।

### हाथ-पैर बांधकर किया बर्बर अत्याचार

बिथरी चैनपुर क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में है। आरोप है कि ससुराल वाले उसे मायके से बुलाकर ले गए और उसके साथ लगातार उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता के मुताबिक, पति ने उसे कमरे में बंद कर हाथ-पैर बांध दिए और उसके गुप्तांग में डंडा डालकर अमानवीय यातना दी। इस दौरान वह चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की।

### शिकायत करने पर ससुरालियों ने की पिटाई

महिला ने बताया कि जब उसने इस घटना की शिकायत ससुराल वालों से की तो उन्होंने उल्टा उसे बेरहमी से पीटा। मारपीट में उसकी पसली टूट गई, जबकि रीढ़ की हड्डी और हाथ-पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा और उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, प्रताड़ना का वीडियो बनाकर उसे मायके भेज दिया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

बिथरी पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कुतुबखाना खोया मंडी में एफएसडीए का छापा

## मिलावटी पनीर-खोया का खेल बेनकाब, कई दुकानों से नमूने भरे

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर शनिवार को कुतुबखाना स्थित खोया मंडी में खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारते ही दुकानदारों में हड़कंप मचा दिया। अचानक हुई कार्रवाई से कई दुकानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मिलावटखोरी के शक में नमूने उठाए गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम जैसे ही मंडी पहुंची, दुकानदारों में खलबली मच गई। कई दुकानदार सामान समेटने लगे तो कुछ सफाई देने में जुट गए। टीम ने एक-एक दुकान पर जाकर खोया और पनीर की गुणवत्ता जांची और संदिग्ध मिलने पर तुरंत सैंपल भर लिए।

### इन दुकानों पर गिरी गाज

कार्रवाई के दौरान रौनक ट्रेडर्स से खोया और पनीर दोनों के नमूने लिए गए। भगवान दास खोया सेंटर और अफसर आलम के प्रतिष्ठान से खोया के नमूने उठाए गए। वहीं यूनुस अली के यहां भी टीम ने पहुंचकर खोया का सैंपल लिया। टीम की मौजूदगी से पूरी मंडी में सन्नाटा पसर गया और अन्य दुकानदार सतर्क हो गए।

### पांच नमूने उठे, झांसी लैब भेजे गए

पूरी कार्रवाई में कुल पांच नमूने एकत्र किए गए, जिनमें चार खोया और एक पनीर का नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला झांसी भेजा जा रहा है। अब रिपोर्ट आने के बाद असली खेल सामने आएगा कि खोया-पनीर कितना शुद्ध है और कितना मिलावटी।

### रिपोर्ट आई तो नहीं बख्शे जाएंगे दोषी

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने साफ कहा कि मिलावटखोरी पर अब कोई रियायत नहीं दी जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलते ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर लगातार ऐसे छापे जारी रहेंगे और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# 4 साल का इंतजार खत्म... स्पेशल से

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** चार साल तक 'स्पेशल' का तमगा झेलने के बाद आखिरकार टनकपुर-अछनेरा ट्रेन को रेलवे ने स्थायी पहचान दे दी है। अब यह गाड़ी नए नंबर 15094-93 टनकपुर-अछनेरा एक्सप्रेस के रूप में दौड़ेगी। सबसे बड़ी राहत–नियमित होते ही किराया करीब 35 फीसदी तक घट जाएगा, यानी यात्रियों की जेब पर सीधा असर।

### पांच दिन दौड़ेगी ट्रेन, टाइम टेबल फिक्स

अब यह ट्रेन हफ्ते में पांच दिन (बुधवार और शनिवार छोड़कर) चलेगी। टनकपुर से सुबह 4:10 बजे चलकर यह गाड़ी खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा होते हुए इज्जतनगर 5:59, बरेली सिटी 6:15, बरेली जंक्शन 6:31 और बदायूं 7:14 बजे पहुंचेगी। आगे कासगंज, सिकंद्राराऊ, हाथरस, मथुरा के रास्ते 11:54 बजे अछनेरा पहुंचेगी। वापसी में अछनेरा से 3:50 बजे चलकर यह ट्रेन बदायूं 7:38, बरेली जंक्शन 8:33, बरेली सिटी 8:50, इज्जतनगर 9:14 और रात 11:35 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

### किराया घटा तो यात्रियों की बल्ले-बल्ले

अब तक 'स्पेशल' के नाम पर ज्यादा किराया चुकाने को मजबूर यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे के इस फैसले से रोजाना सफर करने वाले, नौकरीपेशा और व्यापारियों के लिए सफर सस्ता और भरोसेमंद हो जाएगा। लंबे समय से उठ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। इज्जतनगर मंडल में किच्छा-बहेड़ी सेक्शन के बीच किच्छा बाजार रेलवे क्रॉसिंग पर काम के चलते 11 अप्रैल रात 8 बजे से 12 अप्रैल सुबह 6 बजे तक रास्ता बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालकों को बंडिया किच्छा और सिरौली गेट

### टनकपुर से नांदेड़ तक सीधी ट्रेन, श्रद्धालुओं को राहत

रेलवे ने टनकपुर से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़) तक साप्ताहिक ट्रेन को मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन बदायूं, बरेली जंक्शन, इज्जतनगर और पीलीभीत होते हुए चलेगी, जिससे सिख श्रद्धालुओं के लिए सफर अब आसान हो जाएगा। लंबे समय से इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी की मांग थी। वहीं बरेली होकर चलने वाली फिरोजपुर-झंझारपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की टाइमिंग भी जारी कर दी गई है। यह ट्रेन तय अवधि तक चलेगी और बरेली जंक्शन पर ठहराव मिलेगा। इससे पंजाब-बिहार रूट के यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का फायदा मिलेगा।

# करंट वाले नल ने ली मजदूर की जान मालिक की लापरवाही पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में लापरवाही का खौफनाक नतीजा सामने आया है, जहां निर्माणाधीन मकान में करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खजुरिया गांव निवासी रीता देवी ने थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम को दी तहरीर में बताया कि उनके पति सत्यपाल गांव के ही तस्लीम खान के मकान निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। निर्माणाधीन मकान में लगे नल में पहले से करंट आ रहा था। इस खतरनाक स्थिति की जानकारी सत्यपाल समेत अन्य मजदूरों ने कई बार मकान मालिक को दी थी। आरोप है कि तस्लीम खान ने इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज करते हुए सिर्फ 'कल ठीक करा देंगे' कहकर बात टाल दी, लेकिन कोई सुधार नहीं कराया।

### पानी पीने गए और हो गई मौत

शुक्रवार को काम के दौरान सत्यपाल को प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए नल के पास गए। जैसे ही उन्होंने नल छुआ, तेज करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। वहां मौजूद अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूर उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पोस्टमार्टम में पुष्टि, जांच जारी

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर मकान मालिक तस्लीम खान के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### चेकिंग अभियान चलाया गया

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रेम प्रसंग में युवती पर चाकू से हमला

## घायल युवक की मां ने युवती के पिता समेत चार लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ओसी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक और उसके तीन साथियों द्वारा युवती से जबरन छेड़छाड़ करते हुए चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। उधर युवती का प्रेमी भी घायल हालत में सीएचसी पहुंचा। युवक के गले पर भी चोट के गंभीर निशान थे। डॉक्टरों ने घायल युवक को उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की मां की तहरीर पर युवती के पिता समेत चार लोगों पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की गई।

**कई वर्षों से चल रहा था दोनों का प्रेम प्रसंग**

थाना क्षेत्र के ओसी गांव में घायल युवक युवती का कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों के प्रेम प्रसंग से घरवाले नाखुश थे। युवती के परिजनों ने उसकी शादी बदायूं जनपद में तय कर दी थी।



सीएचसी पर घायल अवस्था में पड़ा युवती का प्रेमी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ओसी गांव के विशाल, विनीत, सतीश और राकेश ने उसकी बेटी व देवरानी का रास्ता रोककर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवती की मां का यह भी आरोप है कि विशाल द्वारा उसकी पुत्री का मुंह दबाकर खेतों में ले जाकर गलत नियत से दबोचकर छेड़छाड़ करते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर विशाल समेत चार लोगों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर शनिवार सुबह युवती के प्रेमी विशाल को घायल हालत में लेकर उसके परिजन शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। युवक के गले पर चोट के गंभीर निशान थे। डॉक्टरों ने घायल विशाल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विशाल के भाई ने युवती के परिजनों पर गर्दन पर हमला कर घायल करने का आरोप लगाया। युवक की मां की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने युवती के पिता श्याम बाबू समेत अशोक, सोमपाल और मुन्ना लाल निवासी ग्राम ओसी पर केस दर्ज किया है।आरोप है कि लोगों ने प्रेम प्रसंग की रंजिश के चलते उसके बेटे विशाल के घर में घुसकर उसकी गर्दन पर वार कर घायल कर दिया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है, पुलिस जांच कर रही है। दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों तरफ चार- चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

# 60 लाख रुपये से होगी शहर के नालों की सफाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में बने छोटे-बडे और मझले नालों की सफाई नगर पालिका प्रशासन 60 लाख रुपये से कराएगा। इसको लेकर पालिका के अधिकारियों ने खाका तैयार कर लिया है। इसको देखते हुए नालों की सफाई का कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा कराने को अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इस बार सफाई पर 60 लाख रुपये का खर्चा होगा। ताकि जलभराव और गदंगी की समस्या को खत्म किया जा सके। साथ ही मच्छरों के प्रजन्न को रोकने के लिए दवाइयों का छिड़काव भी कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या से अधिक है वहां विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन हर साल नाले-नालियों की सफाई कराता है। जिससे कि बरसात में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। शहर के शाहबाद गेट, माला सिनेमा रोड, बाबा दीप सिंह नगर, बरेली गेट, चीनी मिल गोविंद कॉलोनी, माल गोदाम, स्वार-रामपुर रोड, ज्वाला नगर, शाहबाद रोड, जेल रोड, मछली बाजार समेत अन्य स्थानों पर नाले है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शहर के छोटे-बड़े नालों की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए 60 लाख का बजट निर्धारित किया है। सफाई में 200 कर्मचारी कार्य करेंगे जोकि 25-20 की संख्या में बंटकर टीम के रूप में सफाई के कार्य को अंजाम देंगे।




# कार्यक्रम : पीटर बैंस की पुस्तक के विमोचन में शामिल हुए नवेद मियां

- द लास्ट रॉयल्स ऑफ लाहौर पुस्तक का आधिकारिक विमोचन लंदन में किंग चार्ल्स की मौजूदगी में होगा




पुस्तक 'द लास्ट रॉयल्स ऑफ लाहौर' के विमोचन के मौके पर लेखक पीटर बैंस, अंशु खन्ना और वरुण खन्ना के साथ नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने ब्रिटिश-भारतीय इतिहासकार और शोधकर्ता पीटर बैंस द्वारा लिखित पुस्तक द लास्ट रॉयल्स ऑफ लाहौर के विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया। नई दिल्ली में रॉयल फेबल्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस पुस्तक का विमोचन हुआ।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने बताया कि पीटर बैंस पुस्तक में लाहौर के अंतिम राजपरिवार का शानदार वृत्तांत प्रस्तुत किया। इसमें लेखक के संग्रह से कई मूल कलाकृतियों के साथ 550 से अधिक चित्र शामिल हैं। किताब में महाराजा दुलीप सिंह के जीवन को सामने लाया गया है। इसमें महाराजा दुलीप सिंह के बेटे और बेटियों के जीवन का विस्तार से वर्णन है। राजकुमारी सोफिया दलीप सिंह की महिला मताधिकार आंदोलन में भूमिका, राजकुमारी कैथरीन द्वारा नाजी जर्मनी से यहूदी शरणार्थियों को बचाने के प्रयास, राजकुमार विक्टर के प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारतीय क्रांतिकारियों के साथ संबंध, राजकुमार फ्रेडरिक का कला और वास्तुकला के संरक्षण में योगदान विस्तारपूर्वक बताया। नवेद मियां ने किताब की प्रशंसा की है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक का आधिकारिक विमोचन इस महीने के अंत में लंदन के केंसिंग्टन पैलेस में किंग चार्ल्स की उपस्थिति में होगा। नवेद मियां ने बताया कि पीटर बैंस महाराजा दुलीप सिंह परिवार के एक प्रमुख जीवनीकार हैं, जिन्होंने लगभग 30 वर्षों के स्वतंत्र शोध और दस्तावेजों, वस्त्रों, कलाकृतियों और तस्वीरों के अपने अद्वितीय व्यक्तिगत संग्रह का उपयोग किया है।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। जिसके चलते पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। चमरौआ निवासी ग्रामीण ने अपनी बेटी की शादी साल 2021 में मुरादाबाद जिले के डिंडोली गांव निवासी असद अली पुत्र इदरीश से मुस्लिम रीति रिवाज के साथ की थी। शादी में ग्रामीण ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज व बारात की खातेदारी की थी, लेकिन ससुराल पक्ष ग्रामीण द्वारा दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे।

जिसके चलते शादी के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा जैसे-जैसे समय बीता विवाहिता के साथ मारपीट के साथ दहेज के ताने देने लगे। इस दौरान दहेज की मांग पूरी न होने पर बीते दो दिन पूर्व विवाहिता को ससुराल पक्ष ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

**मांग** उपभोक्ता बोले कि स्मार्ट मीटर को किया जाए पोस्टपेड

# जनपद में स्मार्ट मीटर से बढ़ रही उपभोक्ताओं की दुश्वारियां

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में उपभोक्ताओं के घरों पर लग रहे स्मार्ट मीटरों से परेशानियां बढ़ गई है। उपभोक्ताओं का साफ-साफ कहना है कि इन स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में परिवर्तित किया जाए। क्योंकि रामपुर पिछड़ा हुआ जिला है कारोबार चौपट है।

कारोबार के नाम पर यहां पर सिर्फ ई-रिक्शा, पतंग और कारचोब से परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं इसलिए जो स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। उनको प्रीपेड की जगह पोस्टपेड किया जाए। हालांकि पिछले दिनों केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और बिजली विभाग के आला अधिकारियों द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर अलग-अलग बयान दे चुके है।



**शहर में 32 हजार लग चुके है मीटर**

बिजली विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में अब तक 32 हजार 900 स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। शहर में 82 हजार से अधिक मीटर लगने हैं। यानि अभी भी 50 हजार मीटर लगना है। ऐसे में बिजली विभाग द्वारा केंद्रीय, प्रदेश ऊर्जामंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान से उपभोक्ताओं के काफी हद तक राहत मिल सकती है।

लोकसभा में भी विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल किए जा चुके हैं। अब सोशल मीडिया पर स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड के जगह पोस्टपेड किए जाने को लेकर तरह-तरह की वीडियो वायरल हो रही है कि स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में परिवर्तित किया जाएगा। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता सतेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अभी स्मार्ट मीटर को प्रीपेड से पोस्टपेड में किए जाने का अभी कोई आदेश नहीं आया है। अगर ऐसा कोई आदेश आता है तो उस पर अमल किया जाएगा।

## एक नजर

### महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर किया नमन

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस( भीम) बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन करेगा। जिसमें बाबा साहब और उनके विचार विषय पर चर्चा होगी भगवान वाल्मीकि धाम कोसी रोड में होने वाली विचार गोष्ठी दोपहर 12 :04 बजे संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य के सानिध्य में प्रारंभ होगी। संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर एक नाम नहीं बल्कि विचार है, समाज उस विचार को घर-घर पहुंचने के लिए कार्य करें ना की अपनी जेबें भरें। इसके लिए साल के 365 दिन सक्रिय रहना होगा। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले को भी नमन किया। उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रामगोपाल कटारिया, दिलीप वाल्मीकि, राजू अंबेडकर, शरद राज, विनय चौधरी, एकलव्य वाल्मीकि आदि ने विचार व्यक्त किये।

### घर में अकेला देख युवती से छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जिसके चलते पीड़ित के भाई की तहरीर के आधार पर शहजादनगर पुलिस ने आरोपी युवक पर कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी एक ग्रामीण ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है। कि उसकी नाबालिग शनिवार के दिन घर पर अकेली थी। इस दौरान अकेला होना देखते हुए आरोपी रवि पुत्र अमर सिंह मोमिनपुर निवासी घर में आ धमका और युवती को पूरी नियत से दबोच लिया। जिसके बाद जब युवती ने इस बात का विरोध किया तो वह छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान आरोपी ने युवती के साथ हाथापाई भी कर दी। जिसके संबंध में किसी तरह नाबालिग ने शोर मचाया तो आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।

### वाहनों के लिए नई व्यवस्था लागू

**रामपुर।** उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 के नियम-51 (क) के उप-नियम (1) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत जी/ जी सीरीज केवल राजकीय वाहनों हेतु आरक्षित की गई है।प्रावधानों के क्रम में परिवहन आयुक्त द्वारा उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों, जहां निजी स्वामित्व के जी/ जी प्रत्यय वाली सीरीज के वाहन पंजीकृत हैं, को नया पंजीयन चिन्ह आवंटित कर पूर्व में आवंटित जी/ जी प्रत्यय सीरीज के पंजीयन चिन्ह को निरस्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही ऐसे सभी वाहन, जो नीलामी अथवा हस्तांतरण के पश्चात जनपद में निजी वाहन स्वामियों के नाम दर्ज हैं, वे 60 दिनों के भीतर नया पंजीयन चिन्ह प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आदेश प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू है, जिससे जी,जी प्रत्यय वाले निजी स्वामित्व के वाहनों का पंजीयन निरस्त कर उन्हें नए निजी सीरीज के पंजीयन नंबरों में प्रदर्शित किया जा सके।

# तंबू निर्माण प्रतियोगिता में बुलबुल टोली रही प्रथम

## बीएड के पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन,पुरस्कार-वितरण संपन्न

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएड विभाग द्वारा पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। जिसमें तंबू निर्माण, नोटबुक लेखन एवं पाक-कला प्रतियोगिताओं के साथ पुरस्कार-वितरण समारोह का आयोजन किया।मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. आलोक गुप्ता विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।



आयोजित कार्यक्रम के समापन पर खड़े स्काउट गाइड। -जागरण मोर्चा

शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में गाइड वर्ग की बुलबुल टोली तथा स्काउट वर्ग की आजाद टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नोटबुक लेखन प्रतियोगिता में स्काउट वर्ग में अमर प्रकाश ज्योति ने प्रथम, शेखर सिंह ने द्वितीय तथा प्रशांत कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गाइड वर्ग में नाजिया ने प्रथम, निशा पाल ने द्वितीय एवं शाइस्ता बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बीएड प्रथम वर्ष के हरविंदर सिंह को बेस्ट स्काउट तथा बीएड द्वितीय वर्ष की दीक्षा सागर को बेस्ट गाइड के रूप में सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. आलोक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त शिक्षाओं को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में भी आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण जीवनपर्यंत उपयोगी मूल्यों का संचार करता है। शिविर का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवन्त कौर द्वारा प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, गांठ-बन्धन, शिविर-निर्माण, प्रतिज्ञा, हाइकिंग, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी। जिसने समारोह को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माणिक रस्तोगी, डॉ. अरविंद कुमार द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में रहे शामिल

बीएड विभाग प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार कार्यक्रम संयोजक डॉ. सोमेंद्र सिंह, डॉ. माणिक रस्तोगी, डॉ. शहीदा परवीन, डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह, डॉ. सतीश चंद, डॉ. बिजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मकान के दरवाजे के आगे बना दी दीवार,परेशानी

**रामपुर।** कुछ लोगों ने मकान स्वामी के घर के आगे दीवार बनवा दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। काफी परेशान हो जाने के बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। हालांकि अधिकारी भी सुनने को तैयार नहीं है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला विष्णु विहार निवासी वीर सिंह का कहना है कि 2020 में सेवानिवृत्त होने के बाद पसियापुरा बाईपास जमीदारा होटल के पास 400 गज का प्लाट खरीदा था। इसके अलावा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि आरोपियों ने मौका पाकर वीर सिंह के मकान के सामने से दीवार खिंचवा दी है। जिसके चलते रास्ता बंद हो गया है। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। काफी परेशान हो जाने के बाद वीर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

# शहर में निकाली शोभायात्रा,जगह-जगह हुआ स्वागत





श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर सजी झांकी व मौजूद भक्तों की भीड़। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 44 वीं शोभायात्रा गांधी समाधि से प्रारम्भ होकर राजद्वारा, सेन्ट्रल बैंक, मिस्टन गंज, चम्पा कुंवरि, जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार से पुनः मिस्टन गंज अग्रवाल धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष महंत अभिषेक मिश्रा एवं उपमहन्त आयुष मिश्रा ने बाबा के जयकारों के साथ नारियल फोड़ कर किया।

शोभायात्रा में सबसे आगे श्री बाला जी दरबार का बैनर इसके पश्चात महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी, नासिक ढोल, समिति कार्यकर्ता, गणेश जी, सरस्वती माता, भीम हनुमान संवाद, बाबा मूर्ति, रामेश्वर स्थापना, अशोक वाटिका, शिव परिवार, शिव सती, राम दरबार, तिरुपति बालाजी, सिन्दूर प्रकरण, पंच मुखी हनुमानजी, महन्त जी का सिंघासन विभीषण हनुमानजी संवाद, बाहुबली हनुमानजी की झांकिया सबके आकर्षण का केंद्र रही। हीरा बैंड व सोनी बैंड बाबा के भजनों पर सभी का मन मोहते रहे। सबसे पीछे श्री बाला जी महाराज का दरबार एवं श्री राम दरबार पर बाबा के भक्तगण बाबा के नाम की मस्ती में झूमते रहे । बाहुबली हनुमान के रूप में कलाकारों ने सभी भक्तों को हनुमान जी के भव्य रूप से रूबरू करवाया। जिन रास्तों से शोभायात्रा निकली भक्तों ने सेन्ट्रल बैंक,मिस्टन गंज,मदद एक आस फाउंडेशन, प्रतीक पंडित, आशीष सक्सेना, अंकुर सक्सेना , अंकुर राजपूत, परमनोज गोयल , गिरिराज सरन अग्रवाल, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा , हार्दिक आहूजा, सरबजीत सिंह, शुभम पाल, चम्पा कुंवरि, वैश्य समाज, कायस्थ समाज, तुषार अरोड़ा, पटवा समाज, ज्ञान गुप्ता एवं अनेक राजनैतिक व सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

### यह लोग रहे मौजूद

सूर्यप्रकाश पाल, हरीश गंगवार, शिव बहादुर सक्सेना, घनश्याम सिंह लोधी, बलदेव सिंह औलख, अनिल वशिष्ठ, हंसराज पप्पू, ख्याली राम लोधी, जागेश्वर दीक्षित, अशोक विश्नोई, मोहन लाल सैनी, मोहन लोधी, अमित कपूर, सुभाष नंदा 'भय्या जी', राजेन्द्र भटनागर, दीपक गोयल, जुगेश अरोड़ा, अवधेश शर्मा, राजू शर्मा एवं नगर के अनेकों गणमान्य उपस्थित रहे। विशेष सहयोगियों में संचित कपूर, डॉ मुकेश कुमार, इंजी वरुण सक्सेना, प्रेम राजपूत, शरद गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, उपमहन्त आयुष मिश्रा, वेद प्रकाश सक्सेना, दिनेश सक्सेना, विशाल सक्सेना, प्रेम अग्रवाल, अंकुर भटनागर, सजल सक्सेना, प्रियांश सक्सेना, सुनील सक्सेना, सुधांशु पाराशरी, सुबोध श्रीवास्तव, नरेंद्र सक्सेना, सौरभ सक्सेना, तरुण श्रीवास्तव, शोभित सक्सेना, अंकित अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, अचलदीप सक्सेना, समर्थ मिश्रा, संजू रस्तोगी, रविन्द्र गुप्ता, सौरभ शर्मा, मुकेश चौरसिया, विनोद चौरसिया, मोहित मेहरोत्रा, विशाल शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रियांश सक्सेना, राहुल गुप्ता, रवि कश्यप, अमित बंसल, अशोक चौरसिया, विवेक गुप्ता, रितेश सक्सेना, अशोक गुप्ता, एन्सिल सक्सेना, तुषार अग्रवाल, कांतिप्रसाद सक्सेना, रामौतार सक्सेना, विशाल श्रीवास्तव, हिमांशु पाराशरी, दीपांशु सक्सेना, दुष्यंत श्रीवास्त, विशाल बाबू, राजीव कुमार, अर्चित सक्सेना, सोनू कुमार, अशोक सिंह, उमेश भटनागर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप



कार्यक्रम को संबोधित करते सीओ मिलक। -जागरण मोर्चा

### छात्राओं को कानून के बारे में दी जानकारी

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस - 5 अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार को क्षेत्राधिकारी मिलक द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना मिलक के साथ थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लोहापट्टी में छात्र-छात्राओं, उनके परिजनों एवं शिक्षकों को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध की जानकारी देकर जागरूक किया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न, इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि तथा साइबर अपराध एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय, प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करना, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करना, किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल कॉल करने के बारे में बताया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत अन्य परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टांडा।** नगर निवासी एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर, सास, जेठ और अन्य रिश्तेदारों पर दहेज की मांग, मारपीट, जबरन गर्भपात कराने और तीन तलाक देकर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। तहरीर आधार पर पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 14 नवंबर 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मोहम्मद अशहद पुत्र साजिद अली, निवासी मोहल्ला गौदापुरी, टांडा से हुआ था।विदाई के बाद ससुर साजिद अली, सास कफीला बेगम, पति मोहम्मद अशहद, जेठ मोहम्मद अरशद व बहनोई साबिर अली और ननद रुशदा बेगम निवासी मोहल्ला राहुपुरा टांडा ने युवती को दहेज के एवज में 5 लाख रुपये और एक क्रेटा कार की मांग करते हुए बुरी तरह प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।विरोध करने पर पति ने जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। गर्भवती होने पर ससुराल वालों ने मारपीट की। आरोपियों ने 16 फरवरी को राय-मशविरा कर महिला को लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेरठ ने मुरादाबाद को 2-0 से हराया

- बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया परिचय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बाबा साहब भीमराव डॉ. अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेरठ और मुरादाबाद के बीच रोमांचकारी भिड़ंत देखने को मिली। मैच के मुख्य अतिथि एडवोकेट सतनाम सिंह मट्टू पूर्व बार अध्यक्ष, वशिष्ट अतिथि डॉ. अरविन्द गौतम मौजूद रहे। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पहले हाफ में मैच के दोनों ही तरफ से आक्रमण पर आक्रमण होते रहे। कोई भी टीम पहले हाफ में कोई गोल नहीं कर पाई दोनों टीमें निर्धारित समय तक बराबर रही। दूसरे हाफ का खेल शुरू होते ही दोनों टीमें जोरदार खेल का प्रदर्शन करती रही। दूसरे हाफ के 44 वें मिनट में मेरठ की टीम के खिलाड़ी ने शानदार कीक के द्वारा तीसरा गोल लगाकर कर अपनी टीम को 1-0 शून्य की बढ़त दिला दी। मेरठ की टीम ने आक्रमण रूख अपना लिया। जोरदार प्रहार करने लगी मेरठ ने मुरादाबाद पर 65 वें मिनट में एक ओर गोल कर स्कोर 2-0 के सेमीफाइनल अपने नाम कर दिया। मुरादाबाद की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। मेरठ ने मुरादाबाद को 2-0 से हरा दिया। मुरादाबाद की टीम पूरे टाइम एक गोल के लिए संघर्ष करती रही।

इस तरह से मेरठ ने मुरादाबाद को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के निर्णायक अजीत कुमार लाइन मैंन की भूमिका आदित्य और शुभम नें निभाया। कल का फाइनल मैच मेरठ और कुंडेश्वरी के बीच शाम 4 बजे से खेला जाएगा।

# चालक को बचाने में जुटा अस्पताल प्रशासन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के चालक पर ऑपरेशन करने के पर नाम 50,000 रुपये लेने को दबाने के मामले में अस्पताल प्रशासन में जुटा हुआ है। इस मामले की जांच कराने के नाम पर सिर्फ खानापूरी हो रही है। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव जिवाई कदीम निवासी सुरजीत सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखकर दिए पत्र में कहा था कि उसके जीजा सूर्यप्रकाश और रवि का कुछ समय पहले सड़क हादसा हो गया था। जिसके कारण उनका पैर तीन जगह से टूट गया था। उनका कहना है कि सीएमएस के चालक ने आश्वासन दिया कि वह अस्पताल में अच्छे से ऑपरेशन करा देंगे। इसके बदले में 50,000 रुपये देने होंगे। ऑपरेशन के बाद हालत में सुधार नहीं हुआ तो घरवाले जिला अस्पताल आए और रोड निकलवाने की बात बोलने लगने। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। मरीज को अलीगढ़ रेफर करने की अस्पताल के चिकित्सक ने बोली थी। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.बीसी सक्सेना ने बताया कि इस मामले की जांच कराई जा रही है, जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# 4 प्रार्थना पत्रों में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया




महिला थाने में मौजूद पदाधिकारी और दंपति। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के आदेशानुसार महिला थाने में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया।जिसमें पति-पत्नी से संबंधित विवादों में काउंसलिंग कराई।

शनिवार को 27 प्रकरण समिति द्वारा सुने गए। जिसमें 4 प्रार्थना पत्रों में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया।5 पत्रावली निरस्त की।18 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान निरीक्षक अनु तोमर, काउंसलर अवतार सिंह, परवेज, अलका जैन, नीना साहनी काउंसलिंग समिति में उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इन योजनाओं के तहत लाभार्थी, संस्था प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी संपर्क कर सकते हैं।बताया कि सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति भुगतान स्टेटस, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना एवं शादी अनुदान योजना से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन की हेल्पलाइन नंबर 9151877759, पारिवारिक लाभ योजना के लिए 9151877758, शादी अनुदान योजना के लिए 9151877757 तथा छात्रवृत्ति योजना के लिए 9412373394 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

**पर्व** 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगा बैसाखी पर्व

# सिख समाज के लोगों ने निकाला नगर कीर्तन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से बैसाखी पर्व पर नगर कीर्तन निकाला। गुरुद्वारा साहिब से पांच प्यारों की अगुवाई में सुबह 7 बजे नगर कीर्तन निकाला, जोकि विभिन्न मार्गो से होता हुआ मंदिर वाली गली,गुरु गोविंद सिंह पार्क, गुरुद्वारा संत भाई बाबा, गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, राधा रोड, आदर्श कॉलोनी, टैक्सी स्टैंड रोड होते हुए 10:30 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में समापन हुआ।



नगर कीर्तन में मौजूद महिला संगत। -जागरण मोर्चा

नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर कीर्तन के बाद निशांत साहब का चोला चढ़ाया गया। उसके बाद अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया आज 12 तारीख को अखंड पाठ की आरंभता सुबह 9:30 बजे होगी। 11 से वीर खालसा सेवा समिति गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता की जाएगी। जिसमें विजेताओं को इनाम दिए जाएंगे। शाम को 3 बजे से 6 बजे तक स्त्री सत्संग सभा की ओर से कीर्तन दरबार लगेगा। गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कहा कि बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ 14 तारीख को मनाया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



नगर कीर्तन मे मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### यह लोग रहे मौजूद

गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह, सचिन, मनमीत सिंह, अवतार सिंह, जसपाल सिंह वादी, अमरजोत सिंह कपूर, इंदर सिंह आहूजा, जगमोहन सिंह, गुलशन अरोड़ा, तीरथ सिंह, लखविंदर सिंह, सुखबीर सिंह, रणजीत कौर, मनजीत कौर, बलविंदर कौर, सोनिया, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मनदीप सिंह, मनिंदर सिंह, निरवैर सिंह, वजीर सिंह, इंद्रजीत सिंह बड़ी संख्या में सिख संगत मौजूद रही।



# जनपद में हमारी संख्या अन्य समाजों की तुलना में सर्वाधिकः रामऔतार सैनी

## महात्मा ज्योति राव फुले की जयंती समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सैनी,मौर्य, शाक्य कुशवाहा सभा के तत्वावधान में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह कार्यक्रम आवास विकास स्थित गंगा गार्डन में मनाया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 1827 ई को वर्तमान महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था इनके दादाजी कई वर्ष पूर्व ही सतारा से पुणे आकर माली के व्यवसाय में फूलों के गजरे बनाने का कर्म करने लगे, जिनके चलते ये फूले कहलाएं। जब ज्योतिबा मात्र एक साल के थे तो उनकी माताजी का निधन हो गया था जिसके चलते उनकी परवरिश एक बाई द्वारा हुई। सैनी ने अंत में समाज को शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया क्योंकि विना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता क्योंकि तरक्की का रास्ता केवल शिक्षा के माध्यम से निकलता है। सैनी मौर्य शाक्य कुशवाहा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सैनी ने कहा कि ज्योतिबा ने अपनी आरम्भिक शिक्षा मराठी भाषा में प्राप्त की। घरेलू विकट परिस्थितियों के चलते इन्हें बीच में ही स्कूल छोड़ना पड़ा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन एवं पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता रामऔतार सैनी एडवोकेट ने कहा कि जनपद में हमारी संख्या अन्य समाजों की तुलना में सर्वाधिक है। उसके बावजूद हमारी हिस्सेदारी, भागीदारी उसके अनुपात में नहीं है। हमें अपने हकों के लिए एकजुट होकर आगे आना होगा। अंत में जिलाध्यक्ष पन्नालाल सैनी ने सभी उपस्थितों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की।

### यह लोग रहे मौजूद

लक्ष्मी सैनी, सुरेश बाबू सैनी, राजेश सैनी, रामस्वरूप सैनी, रोहतास मोर्य, राजपाल सैनी, गंगाराम सैनी, निरंजन लाल सैनी, मुंशीलाल सैनी, भूप सिंह सैनी, विवेक सैनी, महेंद्र सैनी,आईपी सिंह सैनी, सोरन सैनी, प्रेम सिंह सैनी, रोशन लाल सैनी, संजय सैनी, रिंकी सैनी, ललिता सैनी, मोहित सैनी, डॉ राजेश सैनी, उमेश सरन सैनी, डा.भूदेव सैनी, रोहित सैनी, नेपाल सिंह सैनी, रामगोपाल सैनी, अनेश सैनी, कृपाल सिंह सैनी, देवकीनंदन मौर्य, परविंदर मौर्य, बलजीत सैनी, गंगा शरण सैनी, संजय मौर्य, भूकन लाल सैनी, मोहनलाल सैनी, विजय सैनी, महेश सैनी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन राज किशोर सैनी द्वारा किया गया।

## सार संक्षेप


एसपी का स्वागत करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

### व्यापारियों ने एसपी का किया स्वागत

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्रमीना और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में व्यापारियों की समस्याओं,सुझावों को सुना।एवं उनके निस्तारण के लिए सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिनमें प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, संदिग्ध व्यक्तियों,गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा लेन–देन के दौरान सतर्कता बरतने के संबंध में जागरूक किया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना को व्यापारियों द्वारा सम्मानित किया गया।


परीक्षा फल वितरण के दौरान मौजूद बच्चे एवं शिक्षक।

### मड़ैयान उदयराज में हुआ परीक्षाफल वितरण

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के कंपोजिट स्कूल मड़ैयान उदयराज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया। परीक्षाफल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेमवती, राना तलत, अफसाना कमर, सोनी गुप्ता, हर्षिता और मुजीब कमाल उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, निर्धारित दरों पर ही करें खरीदः कुलदीप

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया की 10 अप्रैल 2026 को जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 17,369 मीट्रिक टन यूरिया, 9,093 मीट्रिक टन एनपीके एवं 2,224 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जनपद में किसानों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।कहा कि किसान अपनी फसल की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें। वर्तमान में खेतों में गन्ना एवं मक्का की फसल खड़ी है, जिनमें आवश्यकता से अधिक यूरिया के प्रयोग से कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ने के साथ–साथ पानी की अधिक मांग जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उर्वरक क्रय करते समय किसान अपने आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अवश्य उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता से अधिक उर्वरक का भंडारण न करें। यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री अथवा किसी अन्य उत्पाद को जबरन देने की शिकायत हो, तो किसान 7839882763 एवं 9458846182 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय


वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करते भाजपाई।

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव बस्ती चलो अभियान के तहत शनिवार को मंडल सैदनगर के गांव दलेल नगर के बेंदु खेड़ा में भाजपा स्थापना का दिवस मनाया। जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता की स्थापना हुई जिसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई बने।

हमारा राजनीतिक सफर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से जिन्होने देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान का विरोध किया था। जो प्रधानमंत्री ने धारा 370 हटाकर साकार किया। भाजपा केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार ने आमजन के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजना शुरू की है। जिनका लाभ हर व्यक्ति को पहुंच रहा है। योजना का लाभ एक वर्ग को नही सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिल रहा। देश विकास के पथ पर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

सरकार सेवा सुशासन के अनुरूप अपना अपना काम कर रही है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश में जहां जहां सरकारें सब एकात्म मानवतावाद यानी अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास हो के अनुरूप काम कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, ओमवीर दिवाकर, महेंद्रपाल सिंह, वीर पाल, प्यारे लाल, रामरतन, सुनील कुमार, चेतराम, रामबाबू, दीपसिह आदि उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद तहसील क्षेत्र के करेथी गांव में भारतीय जनता पार्टी के स्थापन दिवस को लेकर चल रहे पखवाड़े में गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज चौहान के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने भाजपा कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्ष से बीजेपी सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचने की अपील की।

साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और संघर्ष के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके से वेदप्रकाश सागर, ठाकुर पुरषोत्तम, राकेश कश्यप, राशिद अल्वी, सुरेश पाल सिंह, संदीप चौहान, सुभाष चौहान आदि मौजूद रहे।

## थाना दिवस में नायब तहसीलदार ने लोगों की सुनी समस्याएं


जनसमस्याएं सुनते नायब तहसीलदार हरीश जोशी और एसआई अतिशय जैन।

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने की। इस दौरान नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने लोगो की जनसमस्याओं को सुना और उनके तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। शाहबाद थाना दिवस में कुल दो शिकायती पत्र आए जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायत को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया।

इस दौरान एसआई अतिशय जैन, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां, राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना समेत राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

## किसानों को चूहों के नियंत्रण व रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में 1 से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता गतिविधियां कर आमजन को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत चूहों एवं छछूंदर से फैलने वाले रोगों जैसे स्क्रब टाइफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ये रोग पिस्सुओं के काटने तथा संक्रमित चूहों के संपर्क से फैलते हैं, जिससे बुखार, सिरदर्द एवं शरीर में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पूर्व में 684 मरीजों की पहचान के आधार पर किसानों से चूहों के नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय अपनाने की अपील की गई है। चूहों के नियंत्रण के लिए साफ-सफाई बनाए रखना, अनाज को सुरक्षित रखना, जाल व पिंजरों का उपयोग करना तथा आवश्यकतानुसार जिंक फॉस्फाइड एवं एल्युमिनियम फॉस्फाइड का प्रयोग प्रभावी माना गया है। किसानों एवं आमजन से अपील है कि वे इन उपायों को अपनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को संचारी रोगों से सुरक्षित रखें।

## शाहबाद में पंचायत भवन में हुई चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थान क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव के पंचायत भवन में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पंचायत सहायक आकिल हुसैन की तहरीर के अनुसार अज्ञात चोरों ने रात 9 से 10 बजे के बीच ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। चोर पंचायत भवन से दो बैटरी, इन्वर्टर,सीपीयू यूएसबी डीवीआर (कैमरा) तथा रंगीन एच पी प्रिंटर सहित अन्य सामग्री उठा ले गए। सुबह साढ़े सात बजे वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने पंचायत सहायक आकिल हुसैन को ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पंचायत सहायक तुरंत मौके पर पहुँचे और पुलिस को जानकारी दी। ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक की तहरीर पर थाना शाहबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

## पंचायत में किसानों ने उठाई समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय


पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत ग्राम नरखेड़ी चूनापुर गांव में हुई। जिसमें किसानों ने जर्जर मार्ग की मरम्मत को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। पंचायत को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हसीब वारसी ने कहा कि जल्द ही नरखेड़ा व मझरा और मुंडिया का मझरा इन दोनों गांव का मुख्य रास्ते बहुत ही जर्जर हालत में है।

इन गांव के किसानों व आम जनता स्कूली बच्चों को परेशानी व दिक्कत होती है। बारिश होने से रास्ते पर कीचड़ हो जाती है। दोनों गांव के ग्रामीण वह स्कूल के बच्चे गिरते फिसलते जाने के कारण चोटिल हो जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से बोल रखा है कि कोई भी गांव का रास्ता कच्चा न हो। उसके बावजूद गांव के रास्ते की कोई देखरेख नहीं है। बे मौसम बारिश के कारण फसलों में बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। गांव गांव जाकर लेखपाल किसानों से जानकारी लें।उनको मुआवजा दिया जाए। किसान की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। कभी शासन प्रशासन की लापरवाही और अब ऊपर वाले ने में मौसम बारिश कर किसानों के ऊपर आपदा भेजती है। जिससे किसानों की फैसले अधिकतर पूरी तरह से नष्ट हो गई है। किसान के द्वारा फसल पालने को पैसा नहीं था,लेकिन कर्ज लेकर फसल को पाला था। फसल खराब होने से किसान सदमे में है। अब किसान क्या करेगा। इस दौरान पंचायत में शाने आलम, सलीम शाह, सुखा सिंह, हाफिज अहमद, जमीर आलम, मोहम्मद रजा, मोहसिन अली, अरबाज अहमद, इरफान अली, अकील अहमद, सुहेल अहमद, मोहम्मद यासीन, हाशिम अली, रामपाल, ओमप्रकाश सिंह, जगदीश सिंह, रिजवान अली, मुबारक हसन कदीर आलम मौजूद रहे।

## कक्षा 5 के विद्यार्थियों को दी विदाई

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय



बच्चों के विदाई समारोह पर गिफ्ट देती शिक्षिका शबनम आरा। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में कक्षा 4 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 5 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास, उमंग और भावनात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

समारोह की मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापिका शबनम आरा रहीं। उन्होंने कक्षा 5 के सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। इस अवसर पर अक्सा को मिस लालपुर का खिताब देकर सम्मानित किया गया, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करते हुए भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। जिससे उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां—गीत, नृत्य और लघु नाटिकाएं—प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पूरे समारोह में उत्साह और आनंद का वातावरण बना रहा।अंत में रीना, निदा खान, नंदकिशोर ,बुशरा फिरदौस आराधना सक्सेना आदि शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए धूमधाम से विदाई समारोह का समापन किया।

**शैक्षिक सत्र** | पावर एंजेल की कार्यकारिणी समिति का गठन किया

## मीना मंच के गठन के बाद तीनों कक्षाओं के लिए एक -एक पावर एंजेल का चयन किया

- पावर एंजेल के कार्यों के बारे में चर्चा की गई

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार शैक्षिक सत्र 2026 - 27 में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना मंच का पुनर्गठन किया।

मीना मंच के गठन के बाद तीनों कक्षाओं के लिए एक -एक पावर एंजेल का चयन किया। पावर एंजेल के कार्यों के बारे में चर्चा की गई। मीना मंच का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और लिंग आधारित भेदभाव के प्रति सजग करना है। बालिकाओं को शिक्षा में अधिक रुचि लेने, विद्यालय में नियमित रूप से आने और अपनी बात खुलकर कहने का अवसर प्रदान करता है।मीना मंच बालिकाओं को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके। बच्चों को मीना मंच के संबंध में जानकारी के लिए चलचित्र एवं मीना की कहानियों का सहारा लिया।

इस अवसर पर कक्षा 6 की पावर एंजेल सानिया, कक्षा 7 की पावर एंजेल राधिका, कक्षा 8 की पावर एंजेल मुन्तहा दानिश को बनाया। इसके अलावा पावर एंजेल की कार्यकारिणी समिति का गठन किया। जिसमें कक्षा 8 की आलिया अध्यक्ष, कक्षा 8 की प्रियंका सचिव, कक्षा 7 की रिजवा कोषाध्यक्ष बनाई गई। कक्षा 6 की आन्हा और जोया को सदस्य बनाया। मीना मंच की तीनों पावर एंजेल ने विद्यालय में नए प्रवेश कराने के लिए आने वाले अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय का नामांकन बढ़ाने का प्रयास किया। चयन मास्टर ट्रेनर एवं सुगम कर्ता सीमा गौहर, शिक्षिका रजिया बेगम, संगीता यादव, शिक्षक नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू की उपस्थिति में हुआ।

## एक नजर

### टीबी जांच कैंप, 88 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लदावली व कुचावली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 83 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि किसी को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ऐसे कैंपों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, नपेंद्र, कविता, प्रदीप, नीतीश, निहाल खान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# मकान का लिंटर गिरा, मलबे में दबकर मजदूर की हुई मौत

## कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पजाया लिंटर तोड़ते समय हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुराने मकान का गिरा लिंटर। –जागरण मोर्चा


काफिल का फाइल फोटो।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पजाया में पुराने मकान का लिंटर तोड़ते समय नीचे आ गिरा। जिसमें दबने मजदूर की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी काफिल 28 वर्ष पुत्र मतीन अपने फुफेरे भाई रिजवान व फुरकान निवासी मोहल्ला पजाया में पुराने मकान का लिंटर तोड़ने गया था। साथ में काफिल का मोहल्ले की ही दोस्त शफील पुत्र मोहम्मद नवी साथ था। शनिवार की सुबह 10 बजे दोनों ने छत पर चढ़कर मकान का लिंटर तोड़ने शुरू किया। कुछ देर बाद ही लिंटर का बड़ा भाग नीचे आ गिरा। जिसके साथ काफिल भी नीचे गिर गया और मलबे के नीचे दबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और विलाप करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। मृतक काफिल अपने पीछे पत्नी अमरीन, पुत्र आमिर हमजा, पुत्र फायजा को रोते-बिलखते छोड़ गया।

## घोसीपुरा मोहल्ले की सैनियों वाली गली में सफाई व्यवस्था बदहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** घोसीपुरा क्षेत्र की सैनियों वाली गली में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से गली में सफाई करने नहीं आता, जिसके कारण गंदगी का अंबार लग गया है। नालियां जाम हैं और जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ है, जिससे लोगों को दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। गली के निवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि चेयरमैन और सभासद इस गली की सुध केवल चुनाव के समय ही लेते हैं, जबकि बाकी समय उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर काफी रोष है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।


रेंजर्स शिविर समापन पर जानकारी करतीं गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव।

## रेंजर्स शिविर में बनाए सुंदर-सुंदर तंबू, सर्वश्रेष्ठ रेंजर्स चुनी गईं एकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज में रेंजर्स शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शिविर के तीसरे दिन का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, जिला संगठन आयुक्त गाइड मीनू भारती ने ध्वजारोहण करके किया। मुख्य अतिथि गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव व महाविद्यालय की प्राचार्य ने रेंजर्स द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा पाक कला के दौरान लजीज व्यंजन बनाए। जिनका स्वाद अतिथियों द्वारा लिया गया। निर्णायक मंडल में मुख्य अतिथि संगीता भार्गव व महाविद्यालय की प्राचार्य शामिल रही। तम्बू निर्माण में हरियाणा टोली ने प्रथम, राजस्थान टोली ने द्वितीय, उत्तर प्रदेश टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश टोली की एकता सिंह को सर्वश्रेष्ठ रेंजर का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी डा. मनीषा अग्रवाल, डा. इमराना, डा. राका शर्मा, हेमलता भारती, डा. प्रीति चौधरी, डा. बविता, अमनदीप कौर, संजीव, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## श्री शिरडी साई मंदिर में हवन-पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


हवन पूजन में शामिल श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के शास्त्री नगर प्रगति विहार स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर परिसर में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन से हुई। विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराए गए इस हवन में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। साईं भजनों और मंत्रों की ध्वनि से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया, जिससे श्रद्धालुओं को विशेष शांति एवं आस्था का अनुभव हुआ। हवन पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं आपसी भाईचारे की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस प्रकार यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहयोग का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

## भाजपाइयों ने चलाया महासम्पर्क अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस संपर्क महा अभियान के अंतर्गत मंडल कांठ में कार्यकर्ताओं ने ग्राम महमदपुर माफी में घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया। संम्पर्क अभियान के तहत सरकार एवं पार्टी की उपलब्धियों की पुस्तिका एवं पंपलेट वितरण कर लोगों का आह्वान किया कि विश्व के सर्वाधिक सदस्यों वाली राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र सर्वोपरि एवं एकात्मक मानववाद के उत्थानात्मक उद्देश्य को लेकर कार्य करती है। संपर्क अभियान में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सत्यवान सिंह राजपूत, डॉक्टर नेपाल सिंह, कैलाश सिंह, हरि सिंह, अंबरीश शर्मा, दिनेश जाटव आदि रहे।

## ट्रक की टक्कर से टेंपो सवार युवक गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय


घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड पर ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

संगम विहार कालोनी निवासी सुमित कुमार गौतम पुत्र मोहन लाल किसी कार्य से बहजोई गया था। सुबह 11.15 बजे युवक बहजोई से टेंपो में सवार होकर अपने घर आ रहा था। जब टेंपो बहजोई रोड स्थित ओपीजीएम स्कूल के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में सुमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टेंपो चालक व अन्य सवारी मौके से फरार हो गई। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने सुमित को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

## संक्षेप समाचार


ब्राह्मण महिला सभा की जिलाध्यक्ष को शपथ दिलातीं सभा संयोजिका।

### ब्राह्मण महिला सभा की जिलाध्यक्ष बनीं रंजना

चन्दौसी। ब्राह्मण महिला सभा का एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सभा की वरिष्ठ सदस्य उर्मिला शर्मा, सभा संयोजिका संगीता भार्गव व जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें संगीता भार्गव ने सभा की जनपद की प्रथम जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा को शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने बताया कि रंजना शर्मा लगातार कई वर्षों से ब्राह्मण महिला सभा के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रही हैं। उनकी सभा के प्रति अनुशासन, निष्ठा, लगन, मेहनत को देखकर समस्त सदस्यों की सहमति से जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी के जिला महासचिव पद पर आशा सारस्वत, कोषाध्यक्ष पद पर सुमन मिश्रा को शपथ ग्रहण कराई गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा ने कहा कि जो दायित्व उनको सभा द्वारा सौंपा गया है। उस दायित्व को महत्वपूर्ण दायित्व को हृदय से हार्दिक बधाई देती हैं। इस अवसर पर नगराध्यक्ष रानी शर्मा, नगर सचिव नीलम राय, नगर कोषाध्यक्ष अंशु नागर, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, सपना शर्मा, साधना पाठक, आशा गोस्वामी, बविता शर्मा, अनीता शर्मा, सुलेखा नागर, निर्मला मिश्रा, ममता नागर, कुमकुम मिश्रा आदि मौजूद रहे।


पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझाते काउंसलर।

### परिवार परामर्श केंद्र पर 10 परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोई में पुलिस परिवार परामर्श सलह समझौता केंद्र पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र पर प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में चल रही है। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह द्वारा काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जिसमें 80 पत्रावलियों को सुनकर 34 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 10 परिवारों को मिलाया गया। इसके अलावा 19 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया तथा 5 पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बविता शर्मा, कंचन माहेश्वरी, कांस्टेबिल शहजाद मलिक व महिला आरक्षी ज्योति आदि मौजूद रहे।

## 28 जून को रवाना होगा अमरनाथ को पहला जत्था

जागरण मोर्चा कार्यालय


अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

**चन्दौसी।** श्री अमरनाथ यात्रा का आरंभ 3 जुलाई से हो रहा है। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भक्त गण व्याकुल बनाए हैं। शनिवार को अमरनाथ जाने वाले 201 श्रद्धालुओं ने सीएचसी में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यहां से पहला जत्था 28 जून को रवाना होगा और 10 जुलाई को वापस लौटेगा।

3 जुलाई से आरंभ होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह बना हुआ है। शनिवार की सुबह 10 बजे श्रद्धालु सीएचसी पहुंचे और डा. हरविंदर सिंह का माल्यार्पण कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें 201 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए अपना परीक्षण कराया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वह 28 जून को मौलागढ़ की पुलिया से अपने-अपने चौपहिया वाहनों से रवाना होंगे। हरिद्वार, केदार नाथ, बद्रीनाथ, वैष्णो देवी, श्रीनगर, शिव खोड़ी, ज्वाला देवी, कांगड़ा देवी, नैना देवी, अटारी बार्डर के बाद बाबा अमरनाथ पहुंचेंगे। बाबा के दर्शन कर 10 जुलाई को वापस आएंगे।

## चौपाल में छात्राओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय


छात्राओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक किया गया।

साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अभियान में जनपद की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा-चौराहों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन को चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 आदि के विषय में पंपलेट बांट कर जागरुक किया।

## सार्थक जीवन हेतु भगवत भक्ति जरूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के शक्तिनगर में श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। कथा के दूसरे दिवस पर कथा व्यास आचार्य पंड़ित शिवशंकर भारद्वाज ने कहा कि शरीर में जब तक चेतना रहे भगवत रस का बार बार पान करते रहो। कथा श्रवण ही श्रेष्ठ है सभी तीर्थ कथा में चलकर आते हैं। परम संतो का चरित्र जीवन को संवार देता है। इसके साथ कथा व्यास ने भजनों के साथ भगवन के चौबीस अवतार की कथा सुनाई। अंत में आरती के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान रमा राघव,देवेंद्र सिंह सतेंद्र सिंह, ममता राघव, शैलेश वार्ष्णेय, विनेश राघव, मंजू, अनिल वार्ष्णेय, चंद्रप्रकाश गुप्ता, नरेश पाठक, रवेंद्र सिंह, अनमोल आदि का सहयोग रहा।

**स्वच्छ सर्वेक्षण** प्रियंका सिंह सफाई खाद्य निरीक्षक ने की समीक्षा बैठक

## नगर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय


नगरपालिका में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बैठक करती सफाई खाद निरीक्षक प्रियंका सिंह।

**चन्दौसी।** जैसा कि प्रत्येक वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाता है। जिसमें शहर की रैंकिंग तय की होती है जिसको संज्ञान में रखते हुए प्रियंका सिंह सफाई खाद्य निरीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में बैठक की गई। जिसमें स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान होने वाले सर्वे में मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

प्रियंका सिंह ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के सर्वे को लेकर शहर में डोट टू डोर कलेक्शन करने वाली टेरियर यूटिलिटी फर्म कर्मचारीयों से कहा कि घरों से प्राप्त होने वाले कचरे का संग्रहण पृथक्करण व निस्तारण का सुपरविजन करना सुनिश्चित करें, प्रत्येक क्षेत्रीय नागरिक को गीला कचरा व सूखा कचरा की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कराए, प्रत्येक घर में दो डस्टबिन होना आवश्यक है जिससे कचरे का पृथक्करण प्रथम स्तर पर ही हो जाए और कचरा रोड पर ना आए। यदि कोई व्यक्ति कचरा रोड पर डालते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करवाएं, क्योंकि नगर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस बार दिए गए स्लोगन मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी को सभी को मिलकर पूर्ण करना है। जिससे नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके और नगर पालिका सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त कर सके। इस दौरान रवि प्रताप मुकेश, कपिल सैनी, सोनू आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली श्री अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय


श्री अक्रूरजी महाराज की झांकी।


शोभायात्रा में जयकारे लगाते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** श्री अक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ श्री अक्रूरजी की प्रतिमा की आरती करके किया गया।

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, श्री अक्रूरजी महाराज सहित अन्य झांकियां शामिल रही। इस बार पहली बार शोभायात्रा में इस बार एक कुंतल 20 किलो की पीतल की प्रतिमा शामिल रही। जो समाज के लोगों के साथ-साथ नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला से आरंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी होते हुए पुनः बारहसैनी धर्मशाला होकर संपन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि शोभायात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। शोभायात्रा से पहले हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों ने हवन में आहुतियां दी। यात्रा का समापन आरती व प्रसाद वितरण करके किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, मौसम गुप्ता, पवन भट्ठा, अमित केएस, ओमी लाला, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, रवि, अमित चौधरी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, प्रभात कृष्णा, अनुज वार्ष्णेय, राहुल चौधरी, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, सोनू कुमार, मंतेश वार्ष्णेय, रतन, रितिक, बृजेश, कपिल गुप्ता, शशांक वार्ष्णेय, बृजेश, पवन वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चिराग, निक्कू, रोमिल, दिव्या शर्मा, रजनीश, अनीश, दीपाशुं, नारायण, प्रमोद गुरु, प्रतीक, गर्वित, कुणाल कृष्णा, अंशुल टनाटन आदि रहे।

# ज्योतिबा फुले जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

## महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार: शिक्षा और समानता से समाज में आएगा बदलाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके जीवन, संघर्ष और विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरे वातावरण में सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के संदेश की गूंज सुनाई दी।

अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने अपने संबोधन में महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने उस समय समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानते हुए स्त्री शिक्षा की नींव रखी और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने कहा, "महात्मा ज्योतिबा फुले केवल एक समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि एक महान विचारक और क्रांतिकारी थे। उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति को सशक्त बनाती है और समाज को नई दिशा देती है।" आज के दौर में भी महात्मा फुले के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। अंबेडकर विकास मंच निरंतर महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएंगे और समाज में शिक्षा, समानता एवं न्याय को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह आर्य, चंचल सागर, ललित सिंह, सुशील भगत, फतेह चंद, मास्टर रामपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह जाटव, मास्टर ब्रह्मज्ञान सिंह आदि लोग मौजूद थे।


अंबेडकर विकास मंच ने महात्मा ज्योतिबा फुले का मनाया जन्मदिन। –जागरण मोर्चा

### एक नजर

### राशन डीलर के घर महिला से छेड़छाड़

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में राशन लेने गई एक दलित महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप। पीड़िता ने गांव के ही राशन डीलर के परिजनों पर छेड़छाड़, मारपीट और कान के कुंडल छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव अगरौला कलां निवासी पीड़िता ने तहरीर के आधार पर बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वह राशन डीलर विजय के घर राशन लेने गई थी। आरोप है कि वहां मौजूद लौकेश ने उसे गलत नीयत से कमरे में बुलाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। किसी तरह चंगुल से छूटकर महिला ने अपने पति को मौके पर बुलाया। आरोप है कि जब पति ने पूछताछ की, तो आरोपियों ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके कपड़े फट गए और हमलावरों ने उसके कान की सोने की झुमकी भी छीन ली। सूचना पर पहुंची 112 पीआरवी ने जांच की, जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### राजकीय महाविद्यालय में मनाया ज्योतिबाफुले का जन्मदिन

**हसनपुर।** संघटक राजकीय महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ राहुल चौधरी ने की और संचालन डॉ मदन पाल सिंह ने किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ राहुल ने महात्मा ज्योतिबाफुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबाफुले ने सदियों से शोषित पीड़ित उपेक्षित समाज में शिक्षा की अलख जगाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़कर राष्ट निर्माण में उनकी भूमिका का योगदान किया। राजनीति विज्ञान के डॉ मनोज जाटव ने कहा कि ज्योतिबाफुले सामाजिक समानता, सामाजिक समरसता के ऐसे महादूत थे, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज के रुढ़ियों क़ो तोड़कर समरस समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया। ऐसे महा मानव की जन्म जयंती पर शत शत नमन।

## डीएम साहब प्राइवेट स्कूलों की किताबें बहुत महंगी हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ मासूम बच्ची ने वीडियो वायरल कर किताबों के पैसे कम करने की लगाई गुहार

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गंगेश्वरी ब्लॉक के एक गांव निवास मासूम बच्ची के द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर जनपद की जिला अधिकारी से प्राइवेट स्कूलों की किताबों के मूल्य कम करने की गुहार लगाई।

तहसील क्षेत्र के गांव देहरी गुर्जर निवासी मासूम बच्ची माही के द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल की गई है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वीडियो के माध्यम से माही द्वारा जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से अपील करते हुए कहा गया है कि प्राइवेट स्कूलों की फीस एवं किताबें बहुत महंगी है। उसे काम करवा दीजिए बहुत से बच्चों के माता-पिता इसका बोझ उठा नहीं सकते, किताबों के पैसे कम करने के लिए मासूम ने हाथ जोड़कर जिला अधिकारी से निवेदन कर रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार का कहना है की मासूम की वायरल वीडियो पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चाचा ने भतीजे के सिर ने मारा धारदार हथियार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** पिता को गाली गलौच कर रहे चाचा का विरोध करने पर चाचा ने छात्र के सिर में हथियार दाब मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने घायल को थाने ले जाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराते हुए तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में शनिवार को दोपहर के समय बीएफार्मा का छात्र मुस्करान अपने घर पर पिता के साथ खड़ा था। इस दौरान उसका चाचा वहां पहुंचा और उसके पिता को गाली गलौच करने लगा। जिसका विरोध करने पर चाचा ने धारदार हथियार दाब से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

## पत्नी से विवाद, युवक ने खाया जहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने घरेलू कलह के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जहर खाने से पहले युवक ने बाकायदा वीडियो बनाकर पत्नी को भेजा और फोन पर जान देने की धमकी भी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने युवक को अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, जनपद बुलंदशहर के थाना नरसेना के गांव दौलतपुर निवासी बजर खान (पुत्र जमील खान) का निकाह 9 वर्ष पूर्व हुआ था। उसकी पत्नी 22 मार्च को अपनी बहन की शादी में शामिल होने मायके आई थी। शनिवार को बजर खान नगर के पूठ अड्डा स्थित घास मंडी पहुंचा और पत्नी को वीडियो कॉल कर विवाद करने लगा। बहस के दौरान उसने कीटनाशक की बोतल के साथ अपना वीडियो बनाया और पत्नी को भेजकर डराया। हैरान करने वाली बात यह रही कि जहर निगलने से ठीक पहले उसने खुद डायल 112 को फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस ने उसे तुरंत बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। युवक की बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेज दिया है। घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार मनोज कुमार ने अस्पताल पहुंचकर युवक के बयान दर्ज किए हैं। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामला पति-पत्नी के आपसी विवाद से जुड़ा है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है।


पीड़ित के बयान लेते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

## फर्जी पत्नी दिखाकर किया प्लॉट का सौदा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा में जुए की लत के चलते एक व्यक्ति ने हैरतअंगेज धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपी पति अपनी पत्नी के नाम पर दर्ज 140 गज का प्लॉट बेचना चाहता था, लेकिन पत्नी की असहमति के बाद उसने किसी अन्य महिला को अपनी पत्नी बनाकर प्लॉट का सौदा कर दिया। धोखाधड़ी की भनक लगते ही असली पत्नी के होश उड़ गए और उसने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पति और फर्जी पत्नी बनी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## जमीनी विवाद में दो भाइयों में हुई मारपीट, दंपति घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ घायल दंपति ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दंपति घायल हो गए, घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं घायल दंपति के द्वारा कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ निवासी रूप किशोर पुत्र खचेडू अपने परिवार के साथ रहता है और खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रूप किशोर के द्वारा कुछ समय पूर्व जमीन ली गई थी, जिस पर उसका बड़ा भाई अपना हक जताता आ रहा था, इस बात को लेकर शनिवार की सुबह दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान रूप किशोर व उसकी पत्नी नीलम घायल हो गए। घायल दंपति को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। वही घायल रूप किशोर द्वारा बताया गया कि उसका भाई उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहता है। इस बात को आरोपी वह आरोपी के बेटे के द्वारा मारपीट की गई मारपीट के दौरान पति-पत्नी घायल हो गए हैं। घायल दंपति के द्वारा आरोपी के खिलाफ। कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम भीकनपुर निवासी रोहित भड़ाना पुत्र ओमकार सिंह सड़क किनारे पैदल अपने घर जा रहा था, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस ने लहूलुहान हालत में युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर शनिवार दोपहर एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक की हालत को नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी फहीम पुत्र दिलशाद, शहजाद व रिहान पुत्रगण महबूब शनिवार को सिहाली से अपनी चचेरी बहन की शादी का सामान लेकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर मनौटा शिव मंदिर के पास मोड़ पर पहुंची, तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने फहीम की हालात को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही मनौटा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, फिलहाल किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डेंटोकॉन

### डायोड लेजर तकनीक से दर्द रहित होगा दंत उपचार, 250 रिसर्च पेपर्स के साथ विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक ट्रेंड्स

## दंत चिकित्सा में शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के संगम से नए युग का सूत्रपात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 250 रिसर्च पेपर्स एंड पोस्टर्स प्रेजेंट किए गए। बाबा कीनाराम ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, चंदौली के दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. पीयूष शिवहरे ने डायोड लेजर पर बोलते हुए कहा कि डायोड लेजर तकनीक ने आधुनिक दंत चिकित्सा में क्रांति ला दी है, जिससे अधिक सटीक, दर्द रहित और प्रभावी उपचार विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। उन्होंने बताया, लेजर - लाइट एम्प्लीफिकेशन बाय स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन एक ऐसा उपकरण है, जिसके उपयोग से ऑपरेशन के आसपास के क्षेत्रों को न्यूनतम क्षति पहुंचाते हुए कोमल और कठोर ऊतकों को काटने, आकार देने या हटाने का कार्य का आसान हो जाता है। डॉ. शिवहरे ने दंत चिकित्सा में विभिन्न प्रकार के लेजर के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया, डायोड लेजर, सीओ 2 लेजर, एनडीएग लेजर, ईआर लेजर प्रमुख हैं। इनमें से डायोड लेजर अपने कॉम्पैक्ट आकार, किफायती मूल्य और कोमल ऊतकों से संबंधित प्रक्रियाओं में अधिक प्रभावशीलता के कारण विशेष रूप से उपयोगी माना जाता है। डॉ. शिवहरे तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन में गेस्ट स्पीकर बोल रहे थे। कॉन्फ्रेंस में कुल 250 रिसर्च पेपर्स एंड पोस्टर्स प्रेजेंट किए गए। यूजी श्रेणी में टीएमयू की योगेशवरी और वृंदा अग्रवाल का पोस्टर अव्वल, जबकि पीजी में डॉ. मेघना का पोस्टर प्रथम, रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन में डॉ. हर्षित सेठी फर्स्ट आए।



कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन के संग- संग सुभारती डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, मेरठ से कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता निखिल, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस, नई दिल्ली से ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. सुनीता गुप्ता, आईटीएस डेंटल कॉलेज और अस्पताल, दिल्ली से ओरल सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. के.वी. अरुण, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग, दंत विज्ञान संकाय के प्रो. नवीन पी.जी. मौलाना आजाद दंत विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली से जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के एचओडी डॉ. विक्रांत मोहंती, एसजीटी यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद से स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग से डॉ. शौर्य टंडन, कोठीवाल डेंटल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र, मुरादाबाद से मुख चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी विभाग से एचओडी डॉ. राजेंद्र गौड़ा पाटिल, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. निमिष अग्रवाल, डॉ. विकास सिंह, डॉ. शिल्पा दत्ता मलिक, डॉ. उपेंद्र मलिक, डॉ. हरतिमा निगम, डॉ. जैनुल आब्दीन, डॉ. सिवान सतीश, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. कार्तिकेय सक्सेना, डॉ. अतुल जैन, डॉ. रचना बहुगुणा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इनके अलावा स्टुडेंट्स तीशा जैन, साक्षी जयसवाल, उत्सव बेरा आदि की कॉन्फ्रेंस में सक्रिय भूमिका रही।

## संक्षेप समाचार

### घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपियों ने घर में घुसकर महिला के साथ की मारपीट, जहां एक पीड़िता ने गांव के ही कुछ दबंगों पर देर रात घर में घुसकर मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार की देर रात थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 अप्रैल की रात करीब 12 बजे गांव के ही कुछ दबंग लोग जबरन उसके घर में घुस आए महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी सहमे रहे और किसी तरह खुद को बचाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उसे डराने-धमकाने की नीयत से यह हमला किया, जिससे वह और उसका परिवार बेहद दहशत में हैं। घटना के बाद महिला ने शनिवार के सुबह आदमपुर थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चोरों ने खड़ी कार से रेडिएटर किया चोरी

**हसनपुर।** नगर के गजरौला मार्ग स्थित एक मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी कार से अज्ञात चोरों द्वारा रेडिएटर चोरी कर लिया गया, पीड़ित दुकानदार द्वारा कोतवाली पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी कामिल पुत्र साबिर की नगर के गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर के गेट पर डेंटिंग पेंटिंग की दुकान स्थित है, कामिल की दुकान के बाहर एक गाड़ी खड़ी थी, शनिवार की सुबह जब कामिल दुकान खोलने पहुंचा तो उसने देखा की खड़ी हुई गाड़ी का रेगुलेटर गायब है, पीड़ित के द्वारा पड़ोस में काफी देखा लेकिन नहीं मिला जिससे उसे चोरी होने का अंदेशा हुआ। पीड़ित दुकानदार कामिल कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वही पीड़ित दुकानदार द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी कई बार उसकी दुकान से सामान चोरी हो चुका है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक बचाने को लेकर युवक को पीटा

**हसनपुर।** रास्ते से बाइक बचाने को लेकर शुक्रवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में युवक की पिटाई कर दी। युवक ने विरोध किया तो उसकी कनपटी पर तमंचा रख दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि, उनके दो साथी भाग निकले। पुलिस जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रामू पुत्र महिलाल गांव के बाहरी छोर पर परचून की दुकान के सामने कई साथियों के साथ खड़ा था। इस बीच एक बाइक पर सवार होकर चार लोग आए और उन्होंने रास्ते में खड़ी बाइक बचाने को कहा। इस दौरान दोनों ओर से कहासुनी के बाद नोकझोंक हो गई। बाइक सवारों ने रामू की पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों ने आरोपियों का पीछा कर झुरेरी ईंट भट्टे के नजदीक पकड़ लिया। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने रामू की कनपटी पर तमंचा रख दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को पकड़ लिया जबकि, उनके दो साथी भाग निकले। आरोपी पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि बाइक बचाने को लेकर विवाद हुआ है। मामले की जांच पड़ताल के बाद कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी नजदीकी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी अभिषेक गिरफ्तार

**हसनपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत हसनपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक लाखन सिंह यादव के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पोक्सो एक्ट और सामूहिक दुष्कर्म जैसी गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ मोंटी (21 वर्ष) पुत्र निरंकार निवासी ग्राम करनपुर माफी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना हसनपुर में मु0अ0सं0 73/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और पोक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज था। वह घटना के बाद से ही पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।


पुलिस की पकड़ में आरोपी।


थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

### थाना समाधान दिवस में नौ शिकायतें दर्ज

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया थाना समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की शिकायतें एसडीएम न्यायिक भूषण पाठक द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में नौ शिकायतें राजस्व विभाग की दर्ज हुई, जिनके निस्तारण हेतु अधिकारियों द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर शिकायतों के जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसी के साथ एसडीएम न्यायिक भूषण पाठक द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में इन शिकायतों को गंभीरता से ले और उनका निस्तारण मौके पर जाकर करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### गन्ने के खेत में लगी आग, दो बीघा गन्ना राख

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अचानक लगी आग से गन्ने की खड़ी फसल जल का नष्ट हो गई। किसान को भारी व आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसामाफी निवासी किसान अजब सिंह पुत्र रामचंद्र का खेत गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर नगलिया रोड पर स्थित है खेत में गन्ने की फसल तैयार खड़ी थी। शुक्रवार की देर रात राहगीरों ने खेत में आग की लपटे उठती देखी और तुरंत किसान को सूचना दी। सूचना मिलते ही किसान अपने खेत पर पहुंचा जहां उन्होंने देखा की तेजी से फैल रही आग की लपटे गन्ने को अपनी चपेट में ले लिया है। शोर मचाने पर गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसान का दो बीघा गन्ना जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। घटना से किसान को भारी नुकसान हुआ है।

### स्कूटी सवार के बाईक ने मारी टक्कर

**कांठ।** थाना कांठ अंतर्गत ग्राम जमुना आजम निवासी अनमोल 27 मार्च को बाइक से लकड़हैट जा रहा था। रास्ते में एक लापरवाह स्कूटी सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद नौगांवा थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हार मानकर पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से गुहार लगाई। अब घटना के 15 दिन बाद एसएसपी के निर्देश पर थाना कांठ में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डीसीएम में अज्ञात ट्रक चालक ने मारी टक्कर

**कांठ।** छजलैट के ऊमरी-मुरादाबाद मार्ग पर गन्ने के बीज से भरी डीसीएम को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम SAIMA से बदलकर SAIMA SALMAN पत्नी SALMAN TAHIR निवासी- मोहल्ला पंजाबियान, गली बाबू असद अली ख़ान, रामपुर, उ.प्र, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

संपादकीय

# रिकॉर्ड मतदान ने बढ़ाई लोकतंत्र की ताकत

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में संपन्न हुए हालिया चुनावों ने भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता को नए सिरे से रेखांकित किया है। इन राज्यों में रिकॉर्ड मतदान ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि मतदाता अब अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग हो रहे हैं। लोकतंत्र की असली शक्ति सत्ता के गलियारों में नहीं, बल्कि मतदान केंद्रों पर उमड़ती जनभागीदारी में निहित होती है और इस बार यह शक्ति पूरे उत्कर्ष के साथ दिखाई दी। असम के इतिहास में पहली बार 85.38 प्रतिशत मतदान दर्ज होना केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि राजनीतिक चेतना के विस्तार का प्रतीक है। वहीं पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरल में 78.01 प्रतिशत मतदान यह बताता है कि नागरिकों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति गहरा विश्वास है। विशेष रूप से केरल में 49 वर्षों बाद इतना उच्च मतदान होना, बदलती सामाजिक संवेदनशीलता और सक्रिय नागरिकता का संकेत देता है। हालांकि इस उत्साहपूर्ण माहौल के बीच कुछ स्थानों पर हिंसक झड़पों ने चिंता भी पैदा की। असम और पुडुचेरी में हुई घटनाओं ने यह याद दिलाया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए केवल मतदान प्रतिशत ही नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष प्रक्रिया भी उतनी ही आवश्यक है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तभी संभव है, जब असहमति भी संयम और संवाद के दायरे में व्यक्त हो। इसके अतिरिक्त कर्नाटक, त्रिपुरा और नगालैंड में हुए उपचुनावों में भी 68 से 82 प्रतिशत तक मतदान ने जनसहभागिता की निरंतरता को जाहिर किया है। अब सबकी निगाहें आगामी चार मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जो यह तय करेगी कि सत्ता की बागडोर किसके हाथों में जाएगी। निस्संदेह, बढ़ता मतदान प्रतिशत इस बात का प्रमाण है कि भारतीय मतदाता अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सक्रिय सहभागी बन चुके हैं। यही जागरूकता लोकतंत्र को सशक्त और भविष्य को सुरक्षित बनाती है।

# युद्धविराम की राजनीति और शक्ति का भ्रम

'रुकावट के लिए खेद है', यह वाक्य 1990 के दशक में दूरदर्शन देखने वाली पीढ़ी के मानस में गहराई से दर्ज है। जब भी प्रसारण के बीच अचानक यह पंक्ति उभरती, दर्शक समझ जाते कि तकनीकी खामी के कारण थोड़ी देर का विराम है। उस ठहराव में लोग अपने अधूरे काम निपटाते और फिर स्क्रीन के सामान्य होने की प्रतीक्षा करते। यह महज एक तकनीकी व्यवधान नहीं था, बल्कि एक सामूहिक अनुभव था, एक ऐसी रुकावट, जो अस्थायी होते हुए भी सबको प्रभावित करती थी। आज, जब हम पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति को देखते हैं, तो वही पंक्ति एक नए अर्थ में सामने आती है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी तनाव और संघर्ष के बीच अचानक आया अल्पकालिक युद्धविराम किसी तकनीकी खामी की तरह प्रतीत होता है, एक अस्थायी ठहराव, जिसके पीछे गहरे राजनीतिक समीकरण और रणनीतिक विवशताएं छिपी हैं। लगभग 40 दिनों तक चले संघर्ष के बाद 14 दिनों का यह विराम सवालों से भरा हुआ है, क्या यह शांति की शुरुआत है या आने वाले बड़े टकराव की प्रस्तावना?

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इस संघर्ष में जीत किसकी हुई और कौन हार गया है? विश्व की महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका का अचानक युद्ध से पीछे हटना कई तरह की आशंकाओं और व्याख्याओं को जन्म देता है। क्या यह मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय था या घरेलू और वैश्विक दबावों का परिणाम? विशेष रूप से तब, जब पहले कठोर बयानबाजी के बीच ईरान को निर्णायक रूप से परास्त करने की बात कही जा रही थी। यहां पर अमेरिका की आंतरिक राजनीति भी एक निर्णायक कारक बनकर उभरती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद उनकी नीतियों को लेकर खुद अमेरिका के भीतर असंतोष बढ़ा है। अमेरिकी कांग्रेस में विरोध, सड़कों पर प्रदर्शन और न्यायिक स्तर पर चुनौतियां, ये सभी संकेत देते हैं कि विदेश नीति अब केवल बाहरी रणनीति नहीं, बल्कि घरेलू राजनीति का भी प्रतिबिंब बन चुकी है। टैरिफ युद्ध में कानूनी झटके और अब युद्धविराम में अन्य देशों की मध्यस्थता ने अमेरिका



की पारंपरिक छवि को चुनौती दी है।

वास्तव में, यह केवल सैन्य शक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और नेतृत्व का संकट भी है। जिस देश को लंबे समय तक 'विश्व का नेता' माना जाता रहा, उसके नेतृत्व की भाषा और निर्णय अब आलोचना के घेरे में है। ईरान के साथ टकराव ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक विफलता उजागर की, बल्कि उसके सहयोगियों में संदेह पैदा किया है। दूसरी ओर, यह युद्ध केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। इतिहास गवाह है कि बाहरी संघर्ष अक्सर आंतरिक असंतोष को दबाने का माध्यम बनते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या युद्ध वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है या राजनीतिक अस्तित्व का साधन? इजराइल के संदर्भ में देखें तो ईरान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की इच्छा लंबे समय से व्यक्त होती रही है। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध ने भी पुतिन की घरेलू राजनीति को प्रभावित किया है। इन उदाहरणों के बीच यदि अमेरिका भी इसी राह पर चलता है, तो यह वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर संकेत होगा। युद्ध का विस्तार न केवल क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ेगा, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक संरचना को भी संकट में डाल सकता है।

इतिहास यह भी बताता है कि युद्ध के शुरुआती चरणों में राष्ट्रवाद का उभार अक्सर सरकारों के पक्ष में जाता है। अमेरिकी समाज भी इससे अछूता नहीं रहा है, चाहे वह वियतनाम हो या इराक। लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से यह समर्थन क्षणिक साबित होता है और अंततः राजनीतिक जवाबदेही का प्रश्न सामने आता है। इस परिप्रेक्ष्य में यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि सत्ता को बनाए रखने के लिए असाधारण कदम उठाए जा सकते हैं, चाहे वह आपातकालीन शक्तियों का उपयोग हो या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप। हालांकि, यह केवल संभावनाएं हैं, लेकिन इनका संकेत मात्र ही लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए चेतावनी है। अंततः, यह पूरा परिदृश्य हमें एक गहरी सच्चाई की ओर ले जाता है, युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता, बल्कि वह राजनीतिक इच्छाशक्ति, नैतिकता और नेतृत्व की परीक्षा भी होता है। 'रुकावट के लिए खेद है' की तरह यह युद्धविराम भी एक अस्थायी विराम हो सकता है, लेकिन इसके पीछे जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक स्थायी और गंभीर हैं। शायद अब समय आ गया है कि दुनिया यह समझे कि असली बदलाव युद्धक्षेत्र में नहीं, बल्कि सत्ता और सोच के केंद्र में होना चाहिए।

■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि:-** चंद्रमा का गोचर आपकी राशि में बेहद शुभ साबित होगा मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध बढ़िया रहेंगे।
- **वृषभ राशि:-** आज दोपहर के बाद से चंद्रमा बेहद शुभ स्थिति में जा रहा है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज बढ़िया रहेगा। सुबह प्रात:काल धैर्य पूर्वक काम करें।
- **मिथुन राशि:-** दोपहर तक का समय आपके लिए बहुत बेहतर है जितने भी आवश्यक निर्णय हैं, दोपहर तक अवश्य ले लें शाम से समय कमजोर है।
- **कर्क राशि:-** सितारों की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है इसका भरपूर लाभ उठाएं और आने वाले एक-दो दिनों में अपने आवश्यक कार्य तेजी से संपन्न करें।
- **सिंह राशि:-** आज दोपहर के बाद से समय बेहतर होने जा रहा है सुबह प्रात:काल धैर्यपूर्वक कार्यों को संपन्न करें आवश्यक कार्य करने का यह उचित समय है।
- **कन्या राशि:-** चंद्रमा दोपहर तक आपको तंग करता रहेगा परंतु दोपहर के बाद से परेशानियां स्वत: समाप्त होंगी प्रेम संबंधों से बचने की कोशिश करें।
- **तुला राशि:-** चंद्रमा आज दिनभर आपकी भरपूर सहायता करेगा कार्यक्षेत्र से जुड़े हुए आवश्यक कामों को संपन्न कर लें प्रेम संबंधों के लिए बढ़िया समय है।
- **वृश्चिक राशि:-** सितारों की अनुकूलता लगातार बनी हुई है चंद्रमा का छठे भाव में गोचर आपके विरोधियों को कमजोर करेगा सेहत बढ़िया रहेगी यात्रा सुखद लाभकारी रहेगी।
- **धनु राशि:-** बुध और चंद्रमा दोनों लगातार आपकी मदद करते रहेंगे शिक्षा और प्रतियोगिता से जुड़े हुए कार्यों में सफल होंगे शासकीय काम में आ रही बाधा दूर होगी।
- **मकर राशि:-** सुबह प्रात:काल सितारे कमजोर रहेंगे बहुत गहराईपूर्वक कार्यों को अंजाम दें दोपहर के बाद समय सामान्य होने जा रहा है।
- **कुंभ राशि:-** सितारे आज पूरे दिनभर आपकी भरपूर सहायता करेंगे यश मान सम्मान और प्रतिष्ठा मजबूत होगी मित्रों और परिजनों का भरपूर साथ में मिलेगा।
- **मीन राशि:-** आज धूप छांव की स्थिति बनी रहेगी प्रात:काल समय थोड़ा कमजोर रह सकता है परंतु दोपहर के बाद समय स्वत: ही ठीक होगा जरूरी काम दोपहर बाद ही संपन्न करें।



आधुनिक विश्व व्यवस्था में युद्ध और कूटनीति के बीच की रेखा दिन-ब-दिन धुंधली होती जा रही है। तात्कालिक लाभ और शक्ति प्रदर्शन की राजनीति अक्सर दूरगामी परिणामों को नजर-अंदाज कर देती है। ऐसे निर्णय, जो क्षणिक विजय के भ्रम में लिए जाते हैं, अंततः वैश्विक अस्थिरता, मानवीय संकट और नेतृत्व की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर देते हैं।

# कूटनीतिक भूल से उपजा वैश्विक युद्ध और संकट

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कूटनीतिक चतुराई और राजनीतिक शब्दजाल में उलझकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस निर्णय की ओर कदम बढ़ाया, वह आज वैश्विक राजनीति में एक गंभीर चेतावनी के रूप में उभर रहा है। सत्ता के गलियारों में लिए गए निर्णय जब यथार्थ की कठोर जमीन से टकराते हैं, तब उनके परिणाम केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय और आर्थिक त्रासदी में भी बदल जाते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इस युद्ध में अमेरिका को लगभग 175 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जबकि उसके कई सैनिक ईरानी हमलों में हताहत हुए। विडंबना यह है कि इतनी बड़ी कीमत चुकाने के बाद भी ट्रंप को अल्पकालिक युद्धविराम का ऐलान करना पड़ा। यह स्थिति केवल एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है, जो विश्व राजनीति में उसकी साख को कमजोर करती है।

**युद्ध** से पूर्व वॉशिंगटन में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ जैसे अनुभवी चेहरे शामिल थे, ने स्पष्ट रूप से ट्रंप को इस संघर्ष में न कूदने की सलाह दी थी। किंतु त्वरित विजय के भ्रम ने विवेक को पीछे छोड़ दिया। फलस्वरूप, एक ऐसा युद्ध आरंभ हुआ, जिसकी दिशा व परिणाम दोनों ही अनिश्चित थे। इस घटनाक्रम की विडंबना तब और गहरी हो जाती है, जब एक ओर ट्रंप युद्धविराम की घोषणा करते हैं, वहीं दूसरी ओर इजरायल लेबनान पर हमला कर देता है, जिसमें सैकड़ों निर्दोष लोग मारे जाते हैं। यह परिदृश्य स्पष्ट करता है कि वैश्विक मंच पर वॉशिंगटन का प्रभाव पहले जैसा निर्णायक नहीं रह गया है। बाद में ट्रंप द्वारा यह कहना कि युद्धविराम में लेबनान शामिल नहीं है, वस्तुतः एक राजनीतिक सफाई भर प्रतीत होती है, जो वास्तविकता को ढंकने का प्रयास करती है।

**दरअसल,** 11 फरवरी 2026 को व्हाइट हाउस में हुई बैठक इस पूरे संघर्ष का निर्णायक मोड़ थी, जब नेतन्याहू ने ईरान के विरुद्ध 'शासन परिवर्तन' का खाका प्रस्तुत किया। उनके अनुसार, ईरान का मिसाइल कार्यक्रम कुछ ही सप्ताहों में ध्वस्त किया जा सकता था और वहां की जनता स्वयं विद्रोह कर देगी। किंतु नेतन्याहू का यह आकलन वास्तविकता से कोसों दूर निकला। ईरान ने न केवल सशक्त सैन्य प्रतिरोध किया, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी अस्थिर कर दिया। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की ईरान की क्षमता को कम आंकना एक रणनीतिक भूल सिद्ध हुई।

**ईरान** के इस कदम ने वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित कर दिया, जिससे आर्थिक संकट की लहर पूरे विश्व में फैल गई। ऊर्जा कीमतों में उछाल, बाजारों में अस्थिरता और विकासशील देशों पर बढ़ते दबाव ने इस संकट को और गहरा कर दिया। अब तक इस संघर्ष में 2,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का आकलन करना कठिन है। कुल मिलाकर यह युद्ध केवल सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि नेतृत्व की दूरदर्शिता, कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक उत्तरदायित्व की परीक्षा बन गया है। यह घटनाक्रम बताता है कि जब निर्णय भावनाओं और भ्रम पर आधारित होते हैं, तो उनका परिणाम केवल विनाश ही होता है और इसका खामियाजा पूरी मानवता को भुगतना पड़ता है।

■ जसवंत सिंह राजपूत

विशेष...

मातृत्व केवल एक निजी अनुभव नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतिबिंब है। हर वर्ष 11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें यह याद दिलाता है कि एक मां का स्वास्थ्य ही एक स्वस्थ पीढ़ी की नींव है। यह दिवस सुरक्षित गर्भावस्था, जागरूकता और समुचित देखभाल के महत्व को रेखांकित करते हुए हर महिला के सम्मानजनक मातृत्व के अधिकार को सशक्त करता है।



राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

# सुरक्षित मातृत्व

## स्वस्थ पीढ़ी की मजबूत नींव

हर वर्ष 11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस केवल एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि मातृत्व की गरिमा, सुरक्षा और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश है। यह दिन गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव और शिशु के उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कस्तूरबा गांधी की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस भारत सरकार द्वारा 2003 में मान्यता प्राप्त कर एक ऐतिहासिक पहल बना और इसी के साथ भारत दुनिया का पहला देश बना जिसने सुरक्षित मातृत्व के लिए एक समर्पित दिवस घोषित किया।



### सजगता और देखभाल जरूरी

गर्भावस्था किसी भी महिला के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील चरण होता है। यह केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों का संगम भी है। इस दौरान मां का स्वास्थ्य सीधे तौर पर शिशु के विकास को प्रभावित करता है। यही कारण है कि मातृ स्वास्थ्य को लेकर सजगता और समय पर चिकित्सा देखभाल अत्यंत आवश्यक हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान होने वाली अधिकांश जटिलताओं को समय रहते पहचाना और रोका जा सकता है। इसके लिए प्रसवपूर्व देखभाल बेहद अहम भूमिका निभाती है। नियमित जांचों के माध्यम से न केवल मां और भ्रूण की स्थिति का आकलन किया जाता है, बल्कि एनीमिया, उच्च रक्तचाप और गर्भकालीन मधुमेह जैसी समस्याओं की समय रहते पहचान भी संभव होती है। यह देखभाल गर्भवती महिला को संतुलित आहार, उचित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मार्गदर्शन भी देती है।

**महिलाओं का सम्मान-जनक मातृत्व अधिकार**

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा

प्रसव का समय सबसे नाजुक होता है, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है। अस्पतालों और प्रसव केंद्रों में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने से जटिलताओं का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

यही कारण है कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना आज स्वास्थ्य नीतियों का प्रमुख लक्ष्य बन चुका है। हालांकि चिकित्सा सुविधाओं में सुधार हुआ है, फिर भी कई क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर चिंता का विषय बनी हुई है। इन मौतों का एक बड़ा कारण समय पर उपचार की कमी और जागरूकता का अभाव है। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर मां को सुरक्षित गर्भावस्था और सम्मानजनक प्रसव का अधिकार है।

### स्वस्थ शिशु का आधार: सुरक्षित मातृत्व

मातृत्व केवल एक महिला की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। जब परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य प्रणाली मिलकर सहयोग करते हैं, तभी एक स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण संभव होता है। सुरक्षित मातृत्व न केवल मां के जीवन की रक्षा करता है, बल्कि स्वस्थ शिशु के जन्म का भी आधार बनता है। अत: आवश्यक है कि परिवार और समाज मिलकर गर्भवती महिलाओं का सहयोग करें और उन्हें उचित देखभाल प्रदान करें। यही एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र की नींव है।

### गर्भवती महिला को संतुलित और पौष्टिक आहार दें

सुरक्षित मातृत्व के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपाय अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें साबुत अनाज, फल, हरी सब्जियां और प्रोटीन शामिल हों, मां और शिशु दोनों के लिए लाभकारी होता है। नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड जैसे सप्लीमेंट्स का सेवन तथा हल्का व्यायाम जैसे टहलना या योग, गर्भावस्था को सहज और सुरक्षित बनाते हैं। साथ ही, धूम्रपान, शराब और अन्य हानिकारक पदार्थों से दूरी बनाए रखना अनिवार्य है।

इम्युनिटी बूस्टर का बढ़ता चलन

# स्वास्थ्य के लिए वरदान या भ्रम ?

"आज के समय में इम्युनिटी बूस्टर शब्द हर घर में चर्चा का विषय बन गया है। कोरोना महामारी के बाद से लोगों में अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को लेकर जागरूकता बढ़ी है, जो एक सकारात्मक संकेत है। इसी जागरूकता के साथ बाजार में विभिन्न प्रकार के इम्युनिटी बूस्टर, जैसे आयुर्वेदिक काढ़े, सप्लीमेंट्स, विटामिन टैबलेट्स और हर्बल उत्पाद तेजी से लोकप्रिय हुए हैं।"



सवाल यह है कि क्या ये सभी उत्पाद वास्तव में उतने ही फायदेमंद हैं, जितना कि प्रचारित किया जाता है?

### इम्युनिटी बूस्टर का उद्देश्य

इम्युनिटी बूस्टर का मूल उद्देश्य शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करना है। प्राकृतिक रूप से यह क्षमता संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और मानसिक शांति से विकसित होती है। कुछ हद तक विटामिन-सी, विटामिन-डी, जिंक जैसे पोषक तत्वों का सेवन शरीर के लिए लाभकारी होता है। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जैसे तुलसी, गिलोय और अश्वगंधा भी सीमित मात्रा में उपयोगी मानी जाती हैं। इसलिए यदि इनका उपयोग चिकित्सकीय सलाह और संतुलन के साथ किया जाए, तो यह स्वास्थ्य के लिए सहायक हो सकते हैं।

**आकर्षक विज्ञापनों से बचें**

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इम्युनिटी बूस्टर एक मार्केटिंग टर्म भी बन चुका है। कई कंपनियां बिना वैज्ञानिक प्रमाण के अपने उत्पादों को चमत्कारी बताकर बेचती हैं। उपभोक्ता आकर्षक विज्ञापनों के प्रभाव में आकर इन्हें खरीद लेते हैं, जबकि उनकी वास्तविक प्रभावशीलता संदिग्ध होती है। इस तरह का भ्रम न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकता है।

### गलत नहीं, लेकिन सावधानी जरूरी

विशेषज्ञों का मानना है कि इम्युनिटी को तुरंत बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह एक धीमी और निरंतर प्रक्रिया है, जो जीवनशैली से जुड़ी होती है। संतुलित भोजन, जैसे हरी सब्जियां, फल, दालें और साबुत अनाज शरीर को प्राकृतिक रूप से मजबूत बनाते हैं। इसके अलावा, नियमित व्यायाम और तनाव से दूर रहना भी उतना ही जरूरी है। इस प्रकार इम्युनिटी बूस्टर का बढ़ता चलन पूरी तरह गलत नहीं है, लेकिन इसे समझदारी के साथ अपनाना जरूरी है। किसी भी सप्लीमेंट या हर्बल उत्पाद को लेने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना और उसकी मात्रा का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। याद रखें, स्वस्थ जीवनशैली ही सबसे प्रभावी और सुरक्षित इम्युनिटी बूस्टर है।



### अधिक मात्रा में सेवन करने बचें

समस्या तब उत्पन्न होती है जब लोग बिना जानकारी और डॉक्टर की सलाह के इन उत्पादों का अंधाधुंध सेवन करने लगते हैं। अधिक मात्रा में विटामिन या सप्लीमेंट लेने से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए, विटामिन-डी की अधिकता से किडनी पर असर पड़ सकता है, जबकि अत्यधिक जिंक का सेवन पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह, कुछ हर्बल उत्पाद अन्य दवाइयों के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ सकता है।

# आयुष शेट्टी ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया

## सेमीफाइनल में बनाई जगह




नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के आयुष शेट्टी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को मात दी है। भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस तरह आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 25वीं रैंकिंग के शेट्टी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में क्रिस्टी को 23-21, 21-17 को हराया। टूर स्तर पर शेट्टी और क्रिस्टी के बीच यह पहला मुकाबला था। क्रिस्टी एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। इतना ही वह 2020 में थॉमस कप जीतने वाली इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे। यूएस ओपस सुपर 300 के गत चैंपियन शेट्टी ने इससे पहले गुरुवार को राउड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग के ची यू जेन को हराया था।

## बिली जीन किंग कप

# इंडोनेशिया से हारा भारत, कोरिया की जीत का सिलसिला जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। बिली जीन किंग कप ग्रुप-द्व एशिया/ओशिआना मुकाबलों में भारत को गुरुवार को इंडोनेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने दोनों सिंगल्स मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली। पहले सिंगल्स मुकाबले में वैष्णवी अडकर को प्रिस्का मैडेलिन नुग्रोहो के खिलाफ कड़े मुकाबले में 7-6(3), 6-7(3), 6-3 से हार झेलनी पड़ी। मैच काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां अडकर ने दूसरे सेट में वापसी करते



हुए मुकाबला निर्णायक सेट तक पहुंचाया, लेकिन तीसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। दूसरे सिंगल्स में सहजा यमलापल्ली को जेनिस त्जेन के खिलाफ 6-2, 6-1 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा, जिससे इंडोनेशिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। खबर लिखे जाने तक रुतुजा भोसले और अंकिता रैना इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ डबल्स मुकाबला खेल रही थीं। अन्य मुकाबलों में कोरिया गणराज्य ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। दायोन बैक ने वैलेंटिना इवानोव को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि सोह्युन पार्क ने मोनिक बैरी को 6-0, 6-1 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। कोरिया और इंडोनेशिया दोनों ही टीमें अब तक अपने सभी मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं। वहीं थाईलैंड ने भी शानदार वापसी करते हुए मंगोलिया को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। थासापोर्न नाकलो ने अनु-वजिन गैंटोर को 6-1, 6-0 से हराया, जबकि पाचारिन चीपचांदेज ने खोंगोरजुल अलदारखिशिग को समान स्कोर से मात दी। डबल्स में पेंगटार्न प्लिपुएच और कामोनवान योदपेच की जोड़ी ने मंगोलियाई टीम को 6-0, 6-0 से हराकर जीत पूरी की।

## यूईएफए यूरोपा लीग

## क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में

# ब्रागा और रियल बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा

**ब्रागा, एजेंसी।** यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एस्टाडियो म्युनिसिपल डे ब्रागा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में ब्रागा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और इसका फायदा उन्हें जल्दी ही मिल गया। डिएगो रोड्रिग्स के कॉर्नर पर फ्लोरियन ग्रिलिट्श ने शानदार फ्लिक के जरिए गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस शुरुआती गोल ने घरेलू टीम को आत्मविश्वास दिया और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, रियल बेटिस ने धीरे-धीरे वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में मार्क बार्ट्रा ने हेडर के जरिए बराबरी का मौका बनाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। इसके बाद भी बेटिस ने दबाव बनाए रखा और ब्रागा के गोलकीपर लुकास हॉर्निसेक को कई बार सतर्क रहना पड़ा, खासकर कुचो हर्नांडेज के क्लोज-रेंज हेडर को रोकते



समय। दूसरे हाफ में मैच और रोमांचक हो गया। बेटिस ने आक्रमण को तेज करने के लिए बदलाव किए, जिसमें विंगर एंटनी को मैदान पर उतारा गया। हालांकि, ब्रागा ने भी मौके बनाए और ग्रिलिट्श का एक शॉट गोलकीपर पाऊ लोपेज ने शानदार तरीके से बचाया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब ब्रागा के जीन-बैप्टिस्ट गोर्बी ने बॉक्स में फाउल कर दिया, जिससे बेटिस को पेनल्टी मिली। कुचो हर्नांडेज ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई और गोल नहीं हो सका। अब यह मुकाबला दूसरे लेग में तय होगा, जो 16 अप्रैल को सेविले में खेला जाएगा।

इस ड्रॉ के साथ, दोनों टीमों के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का बराबर मौका है, जहां उनका सामना एससी फ्रीबर्ग या सेल्टा विगो से हो सकता है। वहीं, फाइनल 20 मई को बेसिकटास पार्क, इस्तांबुल में आयोजित होगा।

# रोज 100-150 छक्कों की प्रैक्टिस...

## धोनी स्टाइल हेलिकॉप्टर से वार, ये है मुकुल चौधरी का 'फिनिशर फॉर्मूला'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुरुवार रात, जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स लगभग हार की कगार पर थी, तब मुकुल ने 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलट दिया. 24 गेंदों पर 54 रन चाहिए थे, टीम के 7 विकेट गिर चुके थे... और सामने सिर्फ टेलेंडर्स. शुरुआत भी आसान नहीं रही- पहली 5 गेंदों पर सिर्फ 1 रन. लेकिन इसके बाद जो हुआ, वो 'फिनिशर मोड' था- अगली 22 गेंदों में 53 रन, जिसमें 7 छक्के शामिल थे.

मुकुल ने मैच के बाद बताया, 'मैंने ये शॉट बचपन से प्रैक्टिस किया है. मुझे हमेशा धोनी का फिनिशिंग स्टाइल पसंद रहा. वो यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे... और जब आप ऐसा करते हैं, तो गेंदबाज सोचने पर मजबूर हो जाता है.'

17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर लगाया गया हेलिकॉप्टर शॉट इस पारी का टर्निंग पॉइंट बना.

### ताकत + मेहनत = मुकुल का फॉर्मूला

मुकुल की ताकत सिर्फ नेचुरल पावर नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत का नतीजा है. उन्होंने खुद कहा, मेरी बॉडी थोड़ी पावरफुल है, लेकिन मैं रोज 100-150 छक्कों की प्रैक्टिस करता हूं. इससे बैट स्पीड डेवलप होती है. पिछले 5-6 महीनों से मैंने इस पर बहुत काम किया है.'

### पहले ही दे चुके थे संकेत

आईपीएल से पहले ही मुकुल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीमें अपनी झलक दिखा दी थी. उन्होंने राजस्थान की ओर से खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ रनों की बारिश कर दी थी.

- 26 गेंदों में नाबाद 62 रन - 238.46 का स्ट्राइक रेट
- 7 छक्के, 1 चौका
- 176 रन के लक्ष्य का सफल पीछा

इस टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 198.85 रहा, जो बताता है कि ये 'वन-नाइट वंडर' नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ फिनिशर है.

# 3 ओवर में 4 रन और 9 विकेट, ब्राजील की गेंदबाज ने रचा इतिहास

## 13 पर सिमटी विपक्षी टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। लेसोथो की टीम 13 रन पर सिमट गई।



लॉरा कारडोसो ने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे।

**कारडोसो ने इंडोनेशिया की खिलाड़ी को छोड़ा पीछे-** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गुरुवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# रिंग में विरोधियों को धूल चटाने वाली बॉक्सर नूपुर श्योराण ने रैंप वॉक में बिखेरा जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर नूपुर श्योराण ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था. इसमें वह साड़ी में रैंप वॉक करती बेहद खूबसूरत नजर आई. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट नूपुर श्योराण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह रैंप वॉक कर रही थी. लाल रंग की साड़ी में वह बेहद खूबसूरत और किसी हिरोइन से कम नहीं लग रही थी. ये वीडियो उन्होंने जनवरी में शेयर किया था. फैंस ने भी इस वीडियो को खूब प्यार दिया और एक यूजर ने लिखा, 'आप रवीना टंडन की तरह लग रही हों.' इसी इवेंट का उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया, जिसके साथ कैप्शन में लिखा, 'आपको कोम्प्रोमाईज़ नहीं करना चाहिए, जब आप दोनों चीजें कर सकती हों.' वीडियो के पहले हिस्से में वह बॉक्सिंग कर रही हैं और दूसरे हिस्से में रैंप वॉक. लाल रंग की साड़ी, खुले बालों के साथ लाल रंग की बिंदी, उनपर जच रही थी.





नूपुर श्योराण का जन्म 26 सितंबर, 1998 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था. उन्होंने एक बार बताया था कि उन्हें बॉक्सिंग की प्रेरणा उनके पिता और दादाजी से मिली. 2005 में उनके पापा ने एक अकैडमी शुरू की, जिसमें काफी ऐसे बच्चे आते थे जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती थी. जब वह मैडल लेकर आते थे, तब उन्हें देखकर ही नूपुर ने सोचा था कि उन्हें भी बॉक्सर बनना है. नूपुर श्योराण ने 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉक्सिंग शुरू की. वह अब रेलवे में जॉब करती हैं. 5 बार की राष्ट्रीय चैंपियन नूपुर ने 2024 में महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था. 2025, अस्ताना वर्ल्ड कप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था.

## बाबर ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# टी20 में सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बैटर बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार बैटर बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के 15वें मुकाबले में कराची किंग्स के खिलाफ खेली नाबाद 87 रन की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इस पारी के दम पर बाबर ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बाबर आजम ने पेशावर जाल्मी के लिए खेलते हुए कराची किंग्स के खिलाफ 51 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से नाबाद 87 रन की पारी खेली जबकि कुसल मेंडिस ने 52 गेंदों पर 109 रन बनाए और इस पारी के दौरान 4 छक्के और 14 चौके भी लगाए। इन दोनों की पारी के दम पर पेशावर ने कराची के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 246 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**बाबर ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड-** बाबर आजम ने पीएसएल 2026 के 15वें मैच में कराची के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाए और टी20 क्रिकेट में अपने 12000 रन पूरे कर लिए। यही नहीं वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर भी बने। बाबर आजम ने ये कमाल 338 पारियों में किया और गेल से आगे निकल गए जिन्होंने ऐसा 343 पारियों में किया था।

टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने ऐसा 360 पारियों में किया था।

### नाबाद 87 रन बना तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



### टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले टॉप-11 बैटर

- 338 पारी - बाबर आजम
- 360 पारी - विराट कोहली
- 405 पारी - जोस बटलर
- 416 पारी - जेम्स विंस/क्विंटन डिकॉक
- 443 पारी - रोहित शर्मा
- 550 पारी - कीरोन पोलार्ड
- 343 पारी - क्रिस गेल
- 368 पारी - डेविड वार्नर
- 406 पारी - फाफ डु प्लेसिस
- 432 पारी - एलेक्स हेल्स
- 451 पारी - शोएब मलिक

# सरकार ने डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, हवाई किराये को लेकर सरकार सतर्क

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल के बीच भारत सरकार ने ईंधन के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में भारी वृद्धि की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास आपूर्ति श्रृंखला में पैदा हुई बाधाओं के कारण वैश्विक तेल बाजार भारी दबाव का सामना कर रहा है।

कर की नई दरें: डीजल और एटीएफ पर भारी शुल्क

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल के निर्यात पर शुल्कों में भारी इजाफा किया गया है।

डीजलः सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 21.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

एटीएफः विमानन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर टैक्स को 29.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

पेट्रोलः हालांकि, पेट्रोल के निर्यात पर अभी भी पूरी तरह से छूट बरकरार रखी गई है।



भारत अपनी बेहतरीन रिफाइनिंग क्षमता के कारण एटीएफ का एक शुद्ध निर्यातक देश है। इसलिए, निर्यात शुल्क और घरेलू मूल्य निर्धारण में होने वाला कोई भी बदलाव देश के रिफाइनरों और एयरलाइंस, दोनों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

विमानन क्षेत्र पर दबाव और संभावित असर

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों के कारण ईंधन की उच्च लागत का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ा जोखिम यह है कि बढ़ती कीमतों का बोझ हवाई किराये के रूप में आम यात्रियों पर पड़ सकता है।

यात्रियों को महंगाई से बचाने के लिए सरकार के कदम

अधिकारियों के अनुसार, सरकार एयरलाइंस, यात्रियों और हवाई अड्डा संचालकों के हितों को संतुलित करने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है। इस दिशा में नागरिक उड्डयन मंत्रालय विभिन्न विभागों के संपर्क में है और राज्य सरकारों से मदद मांग सकता है। एयरलाइंस और यात्रियों को बचाने के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

# एल्युमिनियम पार्क के लिए एमओयू, डाउनस्ट्रीम कंपनियों के साथ वेदांता एल्युमीनियम की साझेदारी

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमिनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क के भीतर डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए दो प्रमुख कंपनियों, सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और स्कॉट-एल मेटकॉन प्राइवेट लिमिटेड (स्कॉटिश केमिकल इंडस्ट्रीज और यूएल इंडस्ट्रीज की सहयोगी कंपनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह भुवनेश्वर में आयोजित हुआ, जिसमें ओडिशा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री हेमंत शर्मा शामिल थे। झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क को डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम उद्योगों के लिए एक विश्वस्तरीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देना, एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन देना और ओडिशा को वैश्विक एल्युमिनियम केंद्र के रूप में मजबूत करना है। इस पहल से राज्य में 500 करोड़ रुपये से अधिक का नया निवेश आने की संभावना है और लगभग 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस अवसर पर उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं ने कहा, 'यह पहल ओडिशा को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और मजबूत करती है। वेदांता एल्युमिनियम पार्क निवेश को बढ़ावा देगा, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा और राज्य की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करेगा।'

# अयोध्या में बजी शहनाई राजा बने रघुराई बंटी मिठाई ...

## प्रभु राम का हुआ राज्याभिषेक अयोध्या में बजी शहनाई, प्राचीन देवीस्थान मंदिर पर विशाल भंडारा आज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**


**बिलसंडा।** नगर के प्राचीन देवीस्थान मंदिर पर बीते हफ्ते भर से चल रही संगीतमय श्री रामकथा के अंतिम दिन राम रावण युद्ध,लंका दहन एवं भगवान राम के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। पूर्व चेयरमैन अटल सिंह एवं मंजू जायसवाल द्वारा आयोजित रामकथा में फर्रुखाबाद से पहुंचे देवर्षि पंकज मिश्रा ने सुनाया कि प्रभु राम तो हरि हैं,अनुरागी हैं,वह भक्तों पर ऐसी कृपा करते हैं,जो बड़े-बड़े ऋषि मुनियों के लिए भी दुर्लभ होती है।कथा में सीता हरण,लंका दहन,राम रावण युद्ध और रावण संहार के बाद प्रभु राम के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाते हुए अयोध्या के राजा बने रघुरया,घर-घर बंटे बधाइयां भजन प्रस्तुत किया गया, तो माहौल भक्तिमय हो गया। कथा व्यास ने कहा कि युगों में राम साम्राज्य ही ऐसा समय था जिसमें प्रजा ऋषि-मुनि, पशु-पक्षी एवं समस्त प्राणी सुखी थे लेकिन कलयुग में प्रत्येक व्यक्ति के अंदर रावण पुल्कित हो चुका है।काम, क्रोध,मोह,माया और छल कपट ने आदमी की प्रत्येक अच्छाई को समाप्त कर डाला है।राम कथा को सुनने मात्र से बुराइयां नष्ट नहीं होंगी,इस कथा को मनन और चलन भी करना आवश्यक है।उन्होंने कहा प्रत्येक संतान को अपने माता-पिता के लिए श्रवण कुमार की तरह आज्ञाकारी पुत्र बनना होगा।माता-पिता की सेवा ही परम धर्म है। राज्याभिषेक के पश्चात पंडाल में भक्तों को मेवा मिश्री,मिठाई,फल एवं नारियल इत्यादि का प्रसाद बांटा गया। कथा की व्यवस्था में अशोक शुक्ला, रामदास पाठक, महेश पांडेय, विमल गुप्ता, डा.सुभाष शास्त्री, संजय वर्मा, आकाश, नितिन, शुभम, रवि जायसवाल, सत्यपाल राठौर, हर्ष, अनिल मिश्रा, अनिल शर्मा, नैना, सविता, रेनू,रंजना, सोनी, ममता, नेहा, सुषमा, साक्षी समेत लोगों ने सहयोग किया।


श्री रामकथा के अंतिम दिन उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# चार्जिंग पर लगा ई-रिक्शा चोरी, बुजुर्ग कार्रवाई के लिए भटक रहा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बरहा स्थित श्रीरामनगर कॉलोनी में शुक्रवार रात घर के बाहर चार्जिंग पर लगा ई-रिक्शा चोरी हो गया। पीड़ित सियाराम पुत्र बुद्धसेन ने बताया कि वह 10 अप्रैल की रात करीब 10 बजे अपना ई-रिक्शा (वढ 26 ळ 9279) घर के बाहर चार्जिंग पर लगाकर सो गए थे। सुबह उठने पर ई-रिक्शा मौके से गायब मिला, जबकि चार्जर का प्लग निकला हुआ पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, आसपास पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं मिला। पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच में रात करीब 2:40 बजे ई-रिक्शा को जाते हुए देखा गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर लौट गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित बुजुर्ग ने प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस की कार्यशैली से पीड़ित परेशान होकर कार्रवाई के लिए भटक रहा है।


रिक्शा चोरी होने पर दर-दर भटकने को मजबूर बुजुर्ग

# ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन, सर्वसम्मति से पदाधिकारी निर्वाचित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद शाखा पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को टाउन माडल स्कूल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। चुनाव में सभी पदों पर पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। इसमें श्री रामकिशोर (ग्राम विकास अधिकारी) को जिला अध्यक्ष, श्री आर्येंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सौरभ गंगवार को जिला मंत्री, श्री नरेश कुमार को उपाध्यक्ष, श्री राहुल कनौजिया को कोषाध्यक्ष, श्री मेवालाल को ऑडिटर, श्री नागेंद्र कुमार को संगठन मंत्री तथा श्री ललित मोहन गंगवार को संयुक्त मंत्री चुना गया। इसके अलावा श्री सुधीर कुमार को प्रांतीय प्रतिनिधि एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्री वीरेंद्र कुमार, श्री प्रेश पाल और श्री दीपक मौर्य का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में चुनाव अधिकारियों द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। संगठन की ओर से पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।


टाउन माडल स्कूल में ग्राम विकास अधिकारी संघ का चुनाव हुए

# मंदिर के पास शराब दुकान खोलने का विरोध, पुलिस ने संभाला मोर्चा

## ग्रामीणों और महिलाओं ने किया प्रदर्शन, धरना की चेतावनी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** गजरौला कला थाना क्षेत्र के कंजा हरैया - गजरौला मार्ग पर शनि देव मंदिर के पास कम्पोजिट शराब की दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब ठेकेदार ने बीती रात चोरी-छिपे मंदिर के समीप मुख्य मार्ग पर एक खोखा रख दिया, जिसमें शराब दुकान संचालित करने की तैयारी थी। रात में जब ग्रामीण महिलाओं को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सुबह होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं घटनास्थल पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग धार्मिक और शैक्षणिक दृष्टि से संवेदनशील है, क्योंकि यहां कई मंदिर और स्कूल स्थित हैं। ऐसे स्थान पर शराब की दुकान खुलने से बच्चों और युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा और क्षेत्र का माहौल खराब होगा। सूचना मिलने पर गजरौला थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह अपनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। प्रधान नीतू मिश्रा आबकारी विभाग के आला अधिकारी के साथ नोकझोंक हुई। महिलाओं ने स्पष्ट किया कि कंजा हरैया में मंदिर और स्कूलों के पास किसी भी कीमत पर देसी शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।


महिलाओं ने आबकारी विभाग के आला अधिकारियों के साथ नोंक-झोंक

# विधायक ने ग्राम बस्ती संपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी


तमाम सरकारी योजनाओं की जानकारी देते विधायक बाबूराम पासवान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** विधायक बाबूराम पासवान ने ग्राम गुलड़िया भूप सिंह में ग्राम बस्ती संपर्क अभियान के तहत केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, घरेलू शौचालय योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर संपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना गया और योजनाओं को लेकर उनके विचार सुने गए। लाभार्थियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रामू सिंह, एडवोकेट अनिल सिंह, शिवपाल सिंह, श्याम मोहन अवस्थी सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। जानकारी विधायक बाबूराम पासवान द्वारा दी गई।

# अंबेडकर जयंती को लेकर जनसंपर्क तेज, अधिक से अधिक सहभागिता की अपील

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महा बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति, पूरनपुर द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। समिति के सदस्यों ने विधायक पुत्र ऋतुराज से मुलाकात कर कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की। इसके बाद टीम ने मटेहना कॉलोनी, डूडा, दंदौल, उदरहा, सिरसा, सुआबोझ व गैरतपुर जप्ती समेत विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से पब्लिक इंटर कॉलेज, पूरनपुर में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस दौरान ओम शर्मा एडवोकेट, कप्तान सिंह, अश्विनी गौतम, किशन लाल गौतम, संतोष पासवान, अशोक कुमार, एडवोकेट विकास सागर, प्रदीप कुमार सागर, रामनरेश, राम बाबू, प्रेमशंकर भारती और कृष्ण कुमार भास्कर सहित कई लोगों ने सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार किया।


अंबेडकर जयंती को शानदार ढंग से मनाने के लिए जनसंपर्क करते हुए

# अधूरी पुलिया से बढ़ी परेशानी, युवा व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन


शमशान घाट मार्ग पर अधूरी पुलिया को लेकर ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** शेरपुर चुंगी स्थित शमशान घाट मार्ग पर अधूरी पुलिया के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह को ज्ञापन सौंपकर पुलिया को मुख्य सड़क से जोड़ने की मांग की। नगर युवा अध्यक्ष नितिन वर्मा ने बताया कि पुलिया बनने के बावजूद उसे दोनों ओर से सड़क से नहीं जोड़ा गया है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोगों को करीब डेढ़ किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे समय की बर्बादी के साथ लोगों को ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना पड़ता है। ब्लॉक प्रमुख ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे और प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूरा करने की मांग की।

# सपा कार्यालय पर ज्योतिराव फुले जयंती मनाई गई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शनिवार को नकटादाना स्थित केजीएन-2 कैंप कार्यालय में महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान ने फुले के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जातिवाद, छुआछूत और असमानता के खिलाफ संघर्ष कर शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। वहीं प्रदेश सचिव सतेंद्र मौर्य ने कहा कि उनके आदर्श आज भी सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन नगराध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने किया। इस दौरान अर्जुन, जमाल खान, रोहित मिश्रा, राजकुमार, नसीम खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाते सपाई




# सिल्वर मेडल जीतने वाला जीनियस रहा अपनों के बीच सम्मान पाने से वंचित

## प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिभा सम्मान समारोह में न बुलाए जाने पर रोष

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** गांव मीरपुर हर रायपुर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षारत कक्षा 5 के जिस छात्र जीनियस कुशवाहा ने प्रदेश स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया ,वहीं शुक्रवार को बीआरसी पर आयोजित प्राथमिक शिक्षक संघ के सम्मान समारोह में शामिल होने से ही वंचित रखा गया। जनपद का नाम रोशन करने वाला मासूम इस उपेक्षा से मायूस हो गया। बता दे की नगर स्थित बी आर सी परिसर में प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला संगठन मंत्री संजीव कुशवाहा ने कहा कि कक्षा 5 के जिस छात्र जीनियस कुशवाहा ने लगातार दो वर्षों से जनपद से मात्र अकेला प्रतिभाशाली छात्र होने का गौरव प्राप्त किया। उसे छात्र को अपने ही ब्लॉक में आयोजित प्रतिभा सम्मान के योग्य नहीं समझ गया। बताते हैं कि प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 10 अप्रैल को बी आर सी पर आयोजित सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह तथा शिक्षक खिलाड़ियों का सम्मान तथा प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम मे विधायक विवेक वर्मा ,नगर पंचायत अध्यक्ष डी के गुप्ता ,खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य की उपस्थिति रही।धूमधाम से मनाए गए कार्यक्रम में न्याय पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक बेसिक वाल क्रीडा प्रतियोगिता में डटकर मुकाबला करते हुए विरोधियों को अंधाधुंध परास्त कर विजय प्राप्त करने वाले जीनियस कुशवाहा जिन्होंने गत वर्ष कानपुर तथा हाल ही में 9, 10, 11 मार्च को अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर ब्लाक के साथ ही जनपद पीलीभीत में मात्र एक मेडल जीत कर नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र को सम्मान समारोह में न बुलाए जाने से छात्र एवं अध्यापकों में रोष है।


प्रदेश स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीते गए मेडल को दिखाता हुआ छात्र जीनियस

# नगर पंचायत प्रशासन ही करा रहा कूड़ा डलवाकर तालाब का पटान

## संक्रामक रोगों के फैलने की बढ़ रही आशंका से दहशत में लोग , एमआरएफ सेंटर बना शोपीस मशीने खा रहीं जंक



कूड़े के ढेर में पेट भरने के लिए खाने की चीज की तलाश करता हुआ गोवंश



बिलसंडा के गांव रुरिया घुरिया में स्थित एमआरएफ सेंटर

**›››लाखों की लागत से 4 वर्ष पूर्व बनवाए गए सेंटर का हाल**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** लाखों की लागत से स्थापित एमआरएफ सेंटर जहां शोपीस बना हुआ है, वहीं नगर के कूड़े करकट को नगर पंचायत प्रशासन द्वारा निष्पादन कराने की बजाय तालाब में डलवाया जा रहा है। जिसकी वजह से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका भी प्रबल होती जा रही है। बता दे कि नगर में होने वाले कूड़े करकट के निष्पादन के लिए एमआरएफ सेंटर स्थापित कराने पर शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च किए गए। जिसके लिए प्रशासन ने नगर से सटे गांव रुरिया घुरिया मैं करीब साढ़े चार एकड़ जमीन भी कई वर्ष पहले उपलब्ध करा दी। जिसमें भवन बनकर मशीनों को भी स्थापित कराया गया। लेकिन अभी तक एमआरएफ सेंटर पर एक बार भी कूड़े का निष्पादन नहीं किया गया। जिसकी वजह से एमआरएफ सेंटर में रखी मशीन जहां जंक खा रही हैं, वहीं नगर पंचायत प्रशासन कूड़े करकट को नगर के मोहल्ला देवीस्थान स्थित विशालकाय तालाब में डलवा रहा है। तालाब में कूड़ा करकट डाले जाने की वजह से संक्रामक रोगों के पांव पसारने की भी आशंका प्रबल होती जा रही है। सरकार एक और जहां तालाबों के संरक्षण और उसकी साफ सफाई पर लाखों खर्च कर रही है। वहीं नगर पंचायत प्रशासन शासन की मंशा के विपरीत कूड़ा करकट डलवा कर उसका पटान करा रहा है। इतना ही नहीं छुट्टा घूम रहे गोवंश भी खाने की तलाश में जहां हर वक्त कूड़े के ढेरो पर विचरण कर रहे हैं, बल्कि गंदगी का सेवन भी कर रहे हैं। कमोवेश इसी तरह नगर के बमरोली मार्ग पर स्थित निमार्णाधीन कान्हा गौशाला के सामने भी नगर पंचायत प्रशासन कूड़ा करकट डलवा रहा है। जिससे उठने वाली दुर्गंध की वजह से उधर से गुजरने वाले राहगीरों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। बावजूद इसके नगर पंचायत प्रशासन मनमानी पर उतारू है। उधर गांव रुरिया घुरिया में ग्राम समाज की जिस जमीन पर एमआरएफ सेंटर बनवाया गया है। वहां पर कूड़ा गाड़ी पहुंचने के लिए कच्चे रास्ते पर अभी तक खड़ंजा भी नहीं बिछवाया गया। जबकि एमआरएफ केंद्र बने हुए चार वर्ष से अधिक का समय बीत चुका हैं। जिसकी वजह से नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी बरसात के दिनों में तो दूर की बात सामान्य दोनों में भी नहीं पहुंच पाती हैं। इसके अलावा बिजली कनेक्शन भी अभी तक नहीं हुआ है। बहरहाल स्थिति जो भी हो एमआरएफ सेंटर नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते पूरी तरह शोपीस बनकर रह गया।

> एमआरएफ सेंटर तक पहुंचने वाले रास्ते पर खड़ंजा निर्माण कराने और बिजली कनेक्शन के लिए लाइन खिंचवाने समेत प्रस्ताव पारित कर पत्रावली डीएम को भेजी जा चुकी है। खड़ंजे का निर्माण संबंधित ग्राम पंचायत को कराना है। खड़ंजा निर्माण और बिजली कनेक्शन होते ही एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा निष्पादन का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **डीके गुप्ता-चेयरमैन**
> **नगर पंचायत बिलसंडा**

# बाढ़ प्रभावित गांवों में बिजली व मोबाइल नेटवर्क की समस्या

## चंदिया हजारा के प्रधान ने संबंधित अधिकारियों से की शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** शारदा नदी किनारे बसे बाढ़ प्रभावित आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग पिछले कई दिन से बिजली और मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की इन दोनों समस्याओं से संबंधित अधिकारी को अवगत कराकर निराकरण की मांग की है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के कई गांव शारदा नदी के किनारे बसे हैं। इन गांव के वाशिंदों को हर साल नदी से आने वाली बाढ़ और कटान की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा कई समस्याएं भी इन गांवों के लोगों के सामने आती रहती है। पिछले कई दिन से गांव चंदिया हजारा, ढक्काचांट, खिरकिया बरगदिया, चांट सहित आधा दर्ज से अधिक गांव में में बिजली व्यवस्था चरमराई चल रही है। आरोप है कि गेहूं फसल की सुरक्षा के नाम पर पूरे दिन अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। देर शाम से बिजली चालू होने के बाद पूरी रात ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। इससे ग्रामीणों को भरपूर बिजली का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके अलावा मोबाइल नेटवर्क की भी समस्या बनी हुई है। प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि गेहूं फसल की सुरक्षा के नाम पर पूरे दिन बिजली बंद रखी जाती है। रात में भी निर्वाध बिजली आपूर्ति नहीं होती है। निजी कंपनियों के मोबाइल नेटवर्क सेवा भी बेपटरी चल रही है। इन दोनों समस्याओं के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी देकर समस्याएं दूर कराने की मांग की गई है।

# पकड़िया के पास विवाहिता ई-रिक्शा में बैठाकर लौटा था पति नहीं पहुंची मायके

## मायके जाने के लिए निकली थी महिला शाम तक ससुराल नहीं पहुँचने पर मचा हड़कंप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी, बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से सनसनी फैल गई है। विवाहिता अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थी, जिसे उसके पति ने खुद ई-रिक्शा में बैठाया था। लेकिन वह न तो मायके पहुँची और न ही उसका कोई सुराग मिल पा रहा है। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है।क्षेत्र के एक युवक की पत्नी ने बीते 7 तारीख को अपने मायके जाने की बात कही थी। पति उसे सुरक्षित भेजने के लिए पकड़िया के समीप तक साथ गया। वहां से उसने अपनी पत्नी को एक ई-रिक्शा में बैठाया और स्वयं वापस घर लौट आया। पति का मानना था कि ई-रिक्शा से वह गंतव्य तक पहुँच जाएगी।? जब पति ने शाम को अपनी ससुराल फोन करके पत्नी की कुशलता जाननी चाही। वहां से जवाब मिला कि वह अभी तक पहुँची ही नहीं है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए रिश्तेदारियों और संभावित ठिकानों पर महिला की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।पत्नी का सुराग न लगने पर हताश पति ने थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पति ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए पत्नी की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।

> थाना अध्यक्ष फैजगंज बेहटा मनोज कुमार वर्मा को दो बार फोन मिलाया उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# चुर्रासकतपुर चौराहा पर खुला गेहूं केंद्र बना मजाक

## कांटा-बादार्ना नदारद, किसान दर-दर भटकने को मजबूर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** 15 मार्च को केंद्र स्थापित, लेकिन व्यवस्थाएं शून्य; जिम्मेदारों की लापरवाही से किसानों में आक्रोश बीसलपुर क्षेत्र के चुर्रासकतपुर चौराहा पर 15 मार्च को गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह उलट नजर आ रही है। केंद्र पर न तो कांटा (तौल मशीन) लगाया गया है और न ही बदार्ना की कोई व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पहुंचे किसानों ने बताया कि कई दिनों से वह अपने गेहूं को बेचने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन केंद्र पर कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।



चुर्रासकतपुर बंद पड़ा गेहूं क्रय केंद्र

मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं कम दामों पर आढ़तियों को बेचने के लिए विवश होना पड़ रहा है। इस संबंध में जब सचिव अमरनाथ से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और मौके से बीसलपुर मंडी के लिए निकल गए। वहीं, पीलीभीत की गेहूं क्रय केंद्र एजेंसी के अधिकारी सुनील कुमार से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि सचिव द्वारा ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर दिया गया है, जिससे व्यवस्था बाधित हो रही है और किसान परेशान हैं। मामले को लेकर जब उप जिला अधिकारी नागेंद्र पांडे से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि जहां केंद्र स्थापित किया गया है, वहीं पर तौल व्यवस्था होनी चाहिए। यदि सचिव द्वारा कॉल रिसीव नहीं की जा रही है या लापरवाही बरती जा रही है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही केंद्र पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# निजी स्कूलों में मान्यता के दायरे से बाहर की कक्षाएं लगाने पर होगी कार्यवाही

## माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने शिक्षा विभाग के अफसरों को जारी किया आदेश

**›››मान्यता प्राप्त स्कूलों में अवैध कक्षाएं व बिना मान्यता के स्कूल बंद कराने के निर्देश**

**प्रदीप शर्मा**
**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** निजी स्कूलों में मान्यता से बाहर की कक्षाएं (अवैध कक्षाएं) संचालित करने वालों की अब खैर नहीं हैं। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर स्कूल बंद करने के साथ संचालक पर जुमार्ना व एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। इस शैक्षिक सत्र में गैर मान्यता के स्कूलों को भी बंद कराया जाएगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने भी जिले के डीआईओएस व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर आदेश किया है। ऐसे में दोनों विभाग मिलकर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कक्षाएं व स्कूल बंद कराएंगे। शासन से गैर मान्यता के स्कूल बंद कराने के सख्त निर्देश हैं। इसको लेकर माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2026-27 में मान्यता से परे कक्षाओं के संचालन और गैर मान्यता के स्कूलों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कमर कस ली है। बताया जाता है कि पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के दो सौ से अधिक गैर सहायता मान्यता प्राप्त स्कूल हैं। इनके अलावा कई गैर मान्यता के स्कूल भी चल रहे हैं। नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद से अधिकांश स्कूल संचालक अपने पुराने रवैये को अपनाकर मान्यता के दायरे से बाहर कक्षाओं के छात्रों का भी दाखिला करने में जुट गए हैं। आरोप है कि जिस स्कूल में एक से पांच, छह से आठ या एक से आठ की मान्यता है। वह पीनएसी से लेकर इंटरमीडियट तक की कक्षाओं का संचालन करते हैं। जिन कक्षाओं की मान्यता नहीं हैं उन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं का एडमिशन किसी दूसरे स्कूल या कालेज में कराकर कक्षाएं अपने स्कूल में संचालित करते हैं। इससे संचालकों को मोटा मुनाफा होता है लेकिन अभिभावकों की जेब ढीली होती है। हालांकि इस बार शिक्षा विभाग के अधिकारी मान्यता से परे कक्षाओं का संचालन करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### बीईओ ने अभिभावकों से की अपील

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह का कहना है कि मान्यता के दायरे से बाहर व बिना मान्यता के कक्षाएं चलाना पूरी तरह अवैध है। इसपर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान यदि कोई विद्यालय नियमों का उल्लंघन करते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हालत में अवैध कक्षाओं का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बच्चों का प्रवेश केवल मान्यता प्राप्त कक्षाओं वाले विद्यालयों में ही कराने की अभिभावकों से अपील की है। ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

### अवैध कक्षाएं व स्कूल बंद सरकारी स्कूलों में बढ़ेगी छात्र संख्या

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गैर मान्यता का स्कूल चलाने पर एक लाख रुपये का जुमार्ना, इसके बाद भी स्कूल संचालन करने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये का जुमार्ना भरने और संचालक व प्रधानाचार्य पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश है। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा परिषद की सचिव ने प्रदेश भर के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र जारी कर मान्यता के दायरे से बाहर कक्षाएं संचालित करने वाले और गैर मान्यता के स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र में चल रहे परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। बावजूद इसके नाम मात्र की संख्या बढ़ पाती है। माना जा रहा है कि मान्यता के दायरे से बाहर कक्षाओं और गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद होने से परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में छात्र नामांकन संख्या बढ़ना तय है।

# बाइक चोरी की पांच दिन बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गांव सबलपुर खास के रामभजन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि चार अप्रैल को गांव के अजय उनकी बाइक लेकर काम से पूरनपुर में आए थे। महेंद्रा टावर के पास बाइक खड़ी कर कुछ दूर मौजूद एक व्यक्ति से बात करने चले गए। इसी दौरान बाइक चोरी हो गई जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अवैध कक्षाएं व स्कूल बंद सरकारी स्कूलों में बढ़ेगी छात्र संख्या

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गैर मान्यता का स्कूल चलाने पर एक लाख रुपये का जुमार्ना, इसके बाद भी स्कूल संचालन करने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये का जुमार्ना भरने और संचालक व प्रधानाचार्य पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश है। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा परिषद की सचिव ने प्रदेश भर के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र जारी कर मान्यता के दायरे से बाहर कक्षाएं संचालित करने वाले और गैर मान्यता के स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र में चल रहे परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। बावजूद इसके नाम मात्र की संख्या बढ़ पाती है। माना जा रहा है कि मान्यता के दायरे से बाहर कक्षाओं और गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद होने से परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में छात्र नामांकन संख्या बढ़ना तय है।

# खेत में खड़ी गन्ने की फसल पर चला ट्रैक्टर, 3 बीघा फसल बर्बाद

## *किसान ने अज्ञात पर दर्ज कराया मामला, लगाई गुहार*

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक किसान की खड़ी गन्ने की फसल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जोतकर नष्ट करने का मामला सामने आया है। घटना से पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्राम ईटारोड़ा निवासी कृष्ण कुमार वर्मा पुत्र कुन्दन लाल ने कोतवाली बीसलपुर में दी तहरीर में बताया कि उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 735, रकबा 0.5550 हेक्टेयर ग्राम डडिया भगत, तहसील बीसलपुर में स्थित है, जिस पर उनका वैध कब्जा और नाम दर्ज है। किसान के अनुसार, उनके खेत में गन्ने की पेड़ी खड़ी थी। 11 अप्रैल 2026 को जानकारी मिली कि उनकी लगभग 3 बीघा जमीन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर से जोत दिया, जिससे पूरी गन्ने की फसल नष्ट हो गई। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे तो फसल उजड़ी हुई मिली, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तुरंत थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। भारी नुकसान से किसान परेशान, कार्रवाई की मांग किसान ने पुलिस से मांग की है कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए और नुकसान की भरपाई कराई जाए। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व न्याय की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने थाना सुनगढ़ी पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आपसी विवादों से जुड़ी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनते हुए समस्याओं का समाधान कराए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और हर हाल में समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस की महत्ता पर जोर देते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस अवसर पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पारदर्शिता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, लेखपाल सहित अन्य राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए

# छात्र को कार के मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के लोकाई फार्म के रहने वाले गुरविंदर सिंह ने पूरनपुर कोतवाली में अज्ञात कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा कि उनका 11 वर्षीय बेटा अंशदीप सिंह दो अप्रैल को साइकिल से नवदिया सुल्तानपुर में चल रहे एक स्कूल में पढ़ने को जा रहा था। आरोप है कि स्कूल के पास पीछे से तेज गति में आए कार चालक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी है। इससे छात्र घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत नाजुक है।

# दोपहर में दुकान गई युवती लापता, थाने में दी तहरीर

## परिजनों का आरोप बहला - फुसलाकर ले गया अज्ञात

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर, पीलीभीत।** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कटकवारा से एक 22 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है और परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ग्राम के एक ग्रामीण ने थाना बरखेड़ा में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री (उम्र लगभग 22 वर्ष) दिनांक 09 अप्रैल 2026 को करीब दोपहर 12 बजे घर से सामान लेने के लिए दुकान पर गई थी, लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। पिता का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी पुत्री को बरामद किया जाए। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश के लिए टीम लगाई गई है। क्षेत्र में दहशत, बेटियों की सुरक्षा पर उठे सवाल घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह युवती का लापता होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।




# अमेठी में आंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर बवाल, ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव; कई पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी समाचार

**अमेठी।** यूपी के अमेठी जिले में आंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच संघर्ष हुआ। नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव किया।

रामगंज के नरहरपुर गांव में शनिवार को ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया, जिससे स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि कई ग्रामीणों को भी चोटें आईं। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार नरहरपुर गांव में करीब पांच बिस्वा भूमि सुरक्षित खाते में दर्ज है, जिसका उपयोग पशु शव निस्तारण के लिए किया जाता है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर कब्जे की नीयत से पहले मिट्टी डालकर चबूतरा तैयार किया और उस पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार अजय सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पैमाइश कराई। जांच में भूमि सुरक्षित पाई गई, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए चबूतरा हटवा दिया गया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई।

शनिवार को दोबारा कुछ लोगों ने उसी स्थान पर चबूतरा बनाकर प्रतिमा स्थापित कर दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी से चबूतरा हटवा दिया।



प्रतिमा को सम्मानपूर्वक सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया। हालांकि पुलिस टीम के लौटते ही कुछ लोगों ने फिर से उसी स्थान पर प्रतिमा स्थापित कर दी।

दोबारा सूचना पर एसडीएम अमेठी आशीष सिंह के नेतृत्व में रामगंज, पीपरपुर और संग्रामपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासन द्वारा प्रतिमा हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही भीड़ उग्र हो गई और विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि कई ग्रामीणों को भी चोटें आईं। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को तितर-बितर कर हालात पर नियंत्रण पाया। 15 लोगों हिरासत में लिया गया है। पूरे गांव में एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है, हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी इसकी पुष्टि नहीं करती है।

एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से चबूतरा बनाए जाने की शिकायत मिली थी। पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने चबूतरा हटवा दिया। बाद में प्रतिमा लगाने के प्रयास को भी हटवाकर मूर्ति को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार सुरक्षित भूमि पर निर्माण कराए जाने में मौजूदा व पूर्व प्रधान की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व प्रधान रीना कोरी ने आरोप लगाया कि प्रतिमा स्थापना के लिए दिए गए पत्र पर उनके ससुर के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने मामले से अपना कोई संबंध न होने की बात कहते हुए पुलिस को सूचना देने की जानकारी दी है।

गांव में 22 मार्च को आंबेडकर प्रतिमा स्थापना को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें कुछ ग्रामीणों ने सहमति जताई थी। हालांकि तहसील स्तर की जांच टीम ने इसे मान्य नहीं माना। एसपी सरवण टी ने बताया कि मामले में 14 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कुछ लोगों को हिरसात में लिया गया है। मामले की जांच हो रही है। गांव में एहतियातन फोर्स तैनात की गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नरहरपुर गांव में हुए बवाल के दौरान प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह, चौकी प्रभारी विकास कुमार, महिला कांस्टेबल किरन सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर में कराया गया। पुलिस ने उपद्रवियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

# पीएम मोदी को लेकर लिखी अभद्र पोस्ट, सीएम योगी की फोटो एडिट करके किया शेयर



एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** चिनहट निवासी सतेंद्र कुमार ने इंस्टाग्राम आईडी वन क्रिएटर के संचालक नितिन विश्वकर्मा पर पर प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए अभद्र वीडियो पोस्ट करने का आरोप लगाया है। बीबीडी पुलिस ने सतेंद्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सतेंद्र का आरोप है कि नितिन इंस्टाग्राम के अलावा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये देश की बहन-बेटियों और पीएम को लेकर गाली-गलौज करते हुए वीडियो पोस्ट कर रहा है। वह बीबीडी यूनिवर्सिटी की छात्राओं के बारे में भी खुलेआम अभद्र शब्द कहता है। सतेंद्र का कहना है कि नितिन की भाषा शैली से प्रतीत होता है कि वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। साथ ही वह गैरकानूनी संगठनों से भी जुड़ा हुआ है। आरोपी के वीडियो के चलते बच्चों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। आरोपी का पता लगाया जा रहा है।

इंदिरानगर के सुगामऊ निवासी दिलीप लोधी ने विजय श्याम यादव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर उसे आपत्तिजनक बना कर फेसबुक पर पोस्ट करने का आरोप लगाया है। हजरतगंज पुलिस ने शनिवार को आरोपी विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

दिलीप के मुताबिक कुछ दिन पहले उन्होंने फेसबुक पर मुख्यमंत्री की एडिट की हुई फोटो देखी। फोटो विजय श्याम ने पोस्ट की थी। इतना ही नहीं आरोपी ने अभद्र बातें भी लिखी थीं। दिलीप का आरोप है कि आरोपी ने यह हरकत विभिन्न वर्गों व जातियों में रोष पैदा करने के लिए की है। इससे सामाजिक व धार्मिक भावनाएं भड़क सकती हैं। इंस्पेक्टर ने विक्रम सिंह के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जा रही है। साक्ष्य संकलन होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्ध योग में गणेश मंदिर के शिखर पर लहराया भगवा ध्वज

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ ध्वजारोहण

एजेंसी समाचार

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि परिसर में शनिवार को सिद्ध योग के शुभ संयोग में परकोटा स्थित गणेश मंदिर के शिखर पर विधि-विधान के साथ भगवा ध्वज फहराया गया। वैशाख कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के बीच शाम 5:30 बजे ध्वजारोहण संपन्न हुआ।

परकोटा के मंदिरों में ध्वजारोहण श्रृंखला के क्रम में गणेश मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज लहराया गया। अब परकोटा के दो अन्य मंदिरों व शेषावतार मंदिर के शिखर पर भी शीघ्र ही ध्वज आरोहित किए जाएंगे।

गणेश मंदिर के शिखर पर स्थापित 19 फीट सात इंच ऊंचे दंड पर ध्वज चढ़ाया गया। ध्वज की लंबाई (लहर) 9.3 फीट और चौड़ाई (लपेट) 4.7 फीट है। विशेष बात यह रही कि ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी तरह पारंपरिक और मैनुअल तरीके से संपन्न कराई गई।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, सिद्ध योग में किए गए शुभ कार्य अत्यंत फलदायी माने जाते हैं। इसी कारण इस पावन मुहूर्त में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा।

राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि जल्द ही परकोटा के शिव मंदिर, माता भगवती मंदिर समेत शेषावतार मंदिर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी माह के अंत तक सभी मंदिरों में ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।



इस अवसर पर मंदिर निर्माण से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं एवं विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव, सीआरपीएफ कमांडेंट सतीश चंद्र दुबे, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, एलएंडटी के मैनेजर विनोद मेहता, टाटा के मैनेजर धर्मेंद्र शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निजी स्कूल मनमाने तरीके से नहीं वसूल कर पाएंगे फीस, 60 दिन पहले वेबसाइट पर देनी होगी सूचना; समिति गठित

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी के निजी विद्यालय अब विद्यार्थियों से मनमानी तरीके से फीस की वसूली नहीं कर सकते हैं। नए सत्र में किस क्लास की कितनी फीस होगी, इसकी जानकारी 60 दिन पहले ही बेवसाइट पर अपलोड करना होगा। इतना ही नहीं विद्यालय की ओर से निर्धारित फीस का पूरा विवरण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के तहत राजधानी में जिला शुल्क नियामक समिति का गठन हो गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी गई है। यह समिति विद्यालयों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए अभियान भी चलाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी अभिभावक, छात्र या अभिभावक संघ के माध्यम से किसी विद्यालय की शिकायत प्राप्त होती है और अधिनियम का अनुपालन नही कराया जा रहा है तो संबंधित विद्यालय के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। शुल्क विनियमन के तहत विद्यालय द्वारा पांच वर्षों के भीतर यूनिफॉर्म परिवर्तन पर रोक होगी। परिवर्तन की स्थिति में समिति को जानकारी देनी होगी। किसी छात्र को पुस्तकें, जूतें, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशेष दुकान से खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। विद्यालय की ओर से कोई कैपिटेशन शुल्क नहीं बढाया जाएगा। छात्र को प्रत्येक शुल्क व प्रभार के लिए रसीद जारी की जाएगी। समिति के अनुसार,अधिनियमन का पालन सभी बोर्ड के विद्यालयों पर (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) लागू है। शुल्क का विवरण वेबसाइट के साथ के साथ सूचना पट्ट पर प्रकाशित भी करेगा। छात्र व अभिभावकों से यह फीस संदाय, मासिक या त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक

# 'एक भी मियां नहीं, नाम मियांपुर'

## मुख्यमंत्री योगी ने लखीमपुर खीरी के गांव का नाम बदला

एजेंसी समाचार

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी जनपद को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मोहम्मद तहसील क्षेत्र में



आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने मियांपुर गांव का नाम बदलने का एलान किया। उन्होंने कहा कि मियांपुर का नाम रविंद्र नगर किया जाएगा। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के मियांपुर गांव का नाम बदलकर अब रविंद्र नगर किया जाएगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मियांपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से विस्थापित होकर बसाए गए बंगाली हिंदू परिवारों को भूमि का मलिकाना हक प्रदान किया। साथ ही अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने खास तौर पर विभाजनकारी राजनीति से सावधान रहने की बात कही। उन्होंने तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने जिले में दो जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में 817 करोड़ की 314 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही 4356 थारू परिवारों और 2350 विस्थापित परिवारों को भूमि का मालिकाना हक संबंधी अधिकार पत्र प्रदान किए।

सीएम योगी ने कहा कि पापी पाकिस्तान ने पहले भारत का विभाजन किया, फिर पाकिस्तान भी टुकड़े हुए। पाकिस्तान अभी और टुकड़ों में बंटने वाला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पाप की सजा वहां रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी लोगों को मिली है। क्योंकि वहां किसी और जाति के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का पाप देखा। आपका अधिकार लिया और वोट लेते रहे। लेकिन आपको जमीन का अधिकार नहीं दिया। आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम भी मियांपुर रख दिया। एक भी मियां, नाम मियांपुर। अब ये मियांपुर नाम नहीं रहेगा।

# 25 हजार नौकरियों का मौका, 200 कंपनियां होंगी शामिल, सीएम योगी करेंगे रोजगार मेले का उद्घाटन

एजेंसी समाचार

**मेरठ।** मुजफ्फरनगर में 13 अप्रैल को विशाल रोजगार मेले का आयोजन होगा, जिसमें 200 कंपनियां 25 हजार युवाओं को नौकरी के अवसर देंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले का उद्घाटन करेंगे।

कौशल विकास मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 13 अप्रैल को एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मेले में करीब 200 कंपनियां हिस्सा लेंगी और लगभग 25 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस संबंध में आईटीआई साकेत में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सहायक निदेशक कौशल विकास मिशन लखनऊ और मेरठ मंडल के नोडल अधिकारी आशीष कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडल के युवा मुख्य रूप से भाग लेंगे। हालांकि अन्य मंडलों के युवा भी यदि मेले में पहुंचते हैं तो उन्हें भी रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस मेले में स्वास्थ्य, फैशन डिजाइनिंग सहित कुल 21 सेक्टरों की लगभग 200 कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा करीब 25 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। युवा अपने कौशल, डिग्री और डिप्लोमा के आधार पर इन पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इस रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी करेंगे। वहीं कार्यक्रम में प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/-* Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।